
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

अमिताभ चाहते हैं उनके लिए वैनिटी वैन... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 195 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


## कोल्हान प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **10,200** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती जोबा मांझी**
माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र

**श्री विद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र

### सम्मानित अतिथि

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी)

**श्री दीपक बिरुआ**
माननीय विधायक, चाईबासा

**श्री निरल पूर्ति**
माननीय विधायक, मझगाँव

**श्री दशरथ गगराई**
माननीय विधायक, खरसावाँ

**श्री सुखराम उराँव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक, ईचागढ़

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सोनाराम सिंकू**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका

**दिनांक : 18 अगस्त, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 304885 (Labour Employment and Traning) 2023-24

## डॉक्टरों की कमी की वजह से लोग नहीं करवा पा रहे अपना इलाज

**रांची।** सदर अस्पताल का नया बिल्डिंग बनने के बाद लोगों को यह आशा थी की अब उनका इलाज और भी बेहतर ढंग से हो पाएगा। लेकिन जब वह इलाज के लिए पहुंच रहे हैं तो उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों की कमी की वजह से लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा। अस्पताल में लोग घंटों लाइन लगाकर खरे रहते हैं पर वह सही वक्त पर डॉक्टर के पास नहीं पहुंच पाते हैं। हॉस्पिटल में पिछले 3 घंटे से लाइन लगाकर खड़े बुजुर्ग और महिला ने कहा कि पैर में दर्द होने के बावजूद भी वह सुबह से लाइन में खड़े हैं लेकिन अभी तक डॉक्टर के पास नहीं पहुंच पाए हैं। तो वहीं पुंदाग से आए एक मरीज ने कहा कि वह अपने बच्चे को दिखाने सुबह से ही आए हुए हैं, लेकिन उनकी परेशानी को ना तो कोई देखने वाला है और न ही कोई समझने वाला।लाइन की निगरानी कर रहे हैं सुरक्षाकर्मी भी मरीजों को ही डांट फटकार लगाते हैं।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीजीपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

# राज्य में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता राजेंद्र साहू के हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग की। राज्य में बढ़ते अपराध पर अविलंब रोक लगाने की भी अपील की। उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, मुनेश्वर साहू (प्रदेश मंत्री), शिवपूजन पाठक (प्रदेश मीडिया प्रभारी), प्रतुल शाहदेव (प्रवक्ता), योगेंद्र प्रताप सिंह (प्रदेश सह मीडिया प्रभारी), जनार्दन पासवान और प्रकाश राम (पूर्व विधायक) तथा सुनील साहू (जिला महामंत्री) भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अपराधियों के द्वारा राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को आए दिन निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता, कार्यकर्ता अपराधियों की हिट लिस्ट में हैं। अब तो अपराधी जेल से ही रंगदारी वसूल रहे और जान से मारने की धमकी दे रहे। अब सत्ताधारी दल के विधायक भी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। नेताओं ने कहा कि विगत डेढ़ दो महीनों का रिकॉर्ड देखा जाय तो 12 जुलाई को टुंडी में आरएसएस कार्यकर्ता शंकर प्रसाद की हत्या, 23 जुलाई को खूंटी में किसान चमरा मुंडा की हत्या, 27 जुलाई को भाकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या, 28 जुलाई को वासुकीनाथ में अमरनाथ की हत्या, एक अगस्त को झरिया में धनंजय यादव की हत्या, छह अगस्त को भुरकुंडा में होटल संचालक रोशन साव की हत्या, 11 अगस्त को राजधानी रांची से सटे चिरौंदी में जूस दुकान संचालक मुकेश साव और रोहन साव की हत्या जैसे वारदात राज्य में अपराधियों की निडरता बता रहे है। इसके अलावा 12 अगस्त को

**भाजपा नेता, कार्यकर्ता अपराधियों की हिट लिस्ट में हैं। अब तो अपराधी जेल से ही रंगदारी वसूल रहे और जान से मारने की धमकी दे रहे।**

भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या से पूरा पलामू प्रमंडल दहशत में है। छोटे-छोटे व्यवसाय चलाने वाले भी भयभीत हैं। अपराधियों का पुलिस की गिरफ्त से बाहर होना, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होना राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से अनुरोध किया कि पुलिस राजेंद्र साहू, मुकेश साव, रोहन साव सहित सभी के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे। साथ ही राज्य को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर पुलिस प्रशासन कार्य करे।

# आश्वासन समिति की बैठक में अंडाल रेलवे मार्ग का परिचालन पर सहमति जताई गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में आश्वासन समिति की बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में पलास्थली से अंडाल रेलवे मार्ग का परिचालन पुनः शुरू करने करने के संबंध में पूर्व में हुए बैठकों के निमित्त ली गईं कार्रवाइयों की समीक्षा विस अध्यक्ष के द्वारा की गयी। उक्त रेल मार्ग का 9 किलोमीटर भाग जिसके अंतर्गत पलास्थली एवं लक्ष्मणपुर रोड का रेलवे स्टेशन अवस्थित है,झारखंड राज्य के जामताड़ा जिला के नाला प्रखण्ड में पड़ता है। शेष रेलवे मार्ग पश्चिम बंगाल के सीमा अंतर्गत है ।इस परिचालन मार्ग की कुल लंबाई 27 किलोमीटर की है ।विदित हो कि वर्तमान में बंगाल क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे लाइन के कुछ भाग में मालवाहक रेलगाड़िया अभी भी परिचालित होती हैं। ध्यानाकर्षण के माध्यम से बजट सत्र 2021 यह मामला विधानसभा में आया था। इस संबंध में पूर्व में भी कई बैठकें हो चुकी है कि इस रेलवे लाइन को पूरी तरह बहाल किया जाय। विनोद कुमार, डिविजनल इंजीनियर, ने अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो को अवगत कराया की पलस्थली रेलवे लाइन परिचालन करने के संबंध में सर्वे के काम पूरे किए जा चुके हैं एवं राशि का प्राक्कलन कर संबंधित जोनल मैनेजर के माध्यम से रेलवे बोर्ड को स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजी जा चुकी है। विस अध्यक्ष ने बैठक में यह भी कहा कि पलास्थली अण्डाल रेलवे मार्ग को पुनः बहाल करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भी प्रयास की जा रही है, उन्होंने इस मामले को रेल मंत्री भारत सरकार के संज्ञान में दी है। अध्यक्ष महोदय ने बैठक में ब्रजेंन्द्र हेमरोम,संयुक्त सचिव परिवहन विभाग को यह भी निर्देशित किया है कि प्राक्कलन राशि की स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड भारत सरकार से समन्वय स्थापित करें ताकि कार्य की प्रगति त्वरित रूप से हो पाए। इस बैठक में आश्वासन समिति झारखंड विधान सभा के सभापति दीपक बरुवा, समिति के सदस्या, अंबा प्रसाद, एवं विशेष आमंत्रित सदस्या श्रीमती दीपिका पांडे सिंह भी मौजूद रहीं।

# वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने का खेल निदेशक ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय अधिनस्थ राज्य के जिलों में संचालित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केंद्र), आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों को जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर खेल निदेशक डॉ. सरोजनी लकड़ा ने राज्य के आवासीय खेल प्रशिक्षकों के साथ, मोराबादी, रांची स्थित खेल निदेशालय में पूर्वाहन 11:30 बजे से बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया, जिसमें जल्द से जल्द सभी प्रशिक्षक अपने खिलाड़ियों के डाटा बेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए ताकि विश्व के कहीं से भी राज्य के होनहार खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन, उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं समेत उनकी वस्तु स्थिति के बारे में कोई भी आम नागरिक, खेल प्रेमी जानकारी प्राप्त कर सकें। साथ ही डॉ. लकड़ा ने पंजीयन नहीं कराने वाले प्रशिक्षकों को जल्द से जल्द पंजीयन करने का आदेश दिए। वहीं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवम क्रीड़ा किसलय केंद्रों के लिए पुनः 24 अगस्त को पूर्वाह्न 11:30 बजे बैठक बुलाई गई है। आज के बैठक में मुख्य रूप से उपनिदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण राज किशोर खाखा, खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह, तीरंदाजी प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह, विभागीय पदाधिकारी एवम आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

### चुनाव को प्रभावित करने का लगाया गया आरोप

**रातु।** प्रखंड अंजुमन कमेटी के हारे हुये प्रत्याशियो व उसके समर्थकों की बैठक की बुधवार को रातु ठाकुर गांव मार्ग स्थित पार्क एंबु में आयोजित की गई। प्रखंड कमिटी के सदर उम्मीदवार शाहिद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंडरा के रहने वाले अंजुमन कमेटी के हारे हुये प्रत्याशी मुंतजिर खान, हुरहुरी के इमरान खान, सिमलिया के इमरान अंसारी, परहेपाट के रहने वाले उप सेकेट्री पद के उम्मीदवार महफूज आलम समेत विभिन्न कमेटियों के 29 लोग शामिल हुये। बैठक में शामिल लोगों ने चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है चुनाव में आमया संगठन व अमन ग्रुप ने चुनाव को प्रभावित किया है। इसके अलावा मस्जिदों में बैठक कर अपने मन पसंद प्रत्याशियों को जिताने का ऐलान भी किया गया है। आरोप यह भी है कि चुनाव जितने के लिए कुछ ठेकेदारो को मोटी रकम भी दिया गया है। और मतगणना में भी हेरफेर किया गया है।

### महिलाकर्मी से हथियार के बल पर लूटपाट

## तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची पुलिस ने भारत फाइनांस कंपनी की कर्मी आरती कुमारी से तमाड़ थाना क्षेत्र के जिलींगसेरेंग गांव के मार्ग में डेढ़ माह पहले हथियार के बल पर 2.12 लाख व स्कूटी लूटपाट किए जाने के मामले का खुलासा कर लिया है। इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में तमाड़ के करण कुमार यादव व शिवप्रसाद यादव उर्फ थुलू के अलावा अड़की निवासी संतोष सिंह मुंडा शामिल है। आरोपियों के पास से पुलिस ने दोनाली देसी कट्टा, चार गोली, लूटा हुआ स्कूटी, चांदी का चेन व मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि आरती 30 जून को ग्रामीणों से लोन का पैसा वसूली कर वारूकांडे से जिलींगसेरेंग की ओर से लौट रही थी। इसी दौरान छह की संख्या में आए अपराधियों ने महिला को रोका। हथियार दिखाकर उससे वसूली के पैसे, स्कूटी, चांदी का चेन समेत अन्य चीजें लूट लिया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी के निर्देश पर बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने मोबाइल लोकेशन व गुप्तचरों की मदद से तीनों अपराधियों को बीते बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों ने पुलिस को अपने अन्य साथियों की भी जानकारी दी है। पुलिस उन आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## खूंटी के चार खिलाड़ी नेशनल रग्बी कैम्प के लिए आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित वाले अंडर 18 नेशनल रग्बी कैम्प में लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी के दो बालक और दो बालिकाओं कुल चार खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में डेविड मुंडा, अजीत नाग, डोमनिका ओड़ेया और नेहा बागे शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों पुणे में आयोजित अंडर 18 नेशनल रग्बी चौंपियनशिप में उनके प्रदर्शन को देखते हुए किया गया है। नेशनल रग्बी कैम्प में बालक तथा बालिका के हर वर्ग से 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। दोनों वर्गों से अंतिम 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो 30 सितंबर से चाइनीज ताइपे में आयोजित अंडर 18 एशियन रग्बी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खूंटी के डेविड मुंडा को पिछले साल भी अंडर 18 भारतीय टीम में शामिल किया गया था। सभी चयनित खिलाड़ियों को लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज, लोयोला इंग्लिश मीडियम के प्रधानाध्यापक फादर बिपिन तिर्की, लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर आइजक खलखो झारखंड रग्बी संघ के सचिव हेजाज असदक सहित कई शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

## स्वर्णरेखा अस्पताल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्वतंत्रता दिवस के पावन आजादी का अमृत महोत्सव पर स्वर्णरेखा अस्पताल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण डाक्टर रोजी प्रकाश ने अपने कर कमलों द्वारा किया। जन गण मन राष्ट्रीय गीत के साथ स्लोगन से पुरा वातावरण पुल्लकित रोमांच से भर उठा। डाक्टर ए सी प्रकाश ने स्वस्थ रहे मस्त रहे की शुभ कामनाएं दी। अस्पताल के सभी डाक्टर्स, कर्मचारियों के साथ सारे मरीज उपस्थित थे। सभी लोगों के बीच मिष्टान बांटी गई और साथ ही खुशियां भी मनाई गई।

### मवेशी के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने चोरी कर ला रहे मवेशी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम सन्नी कुरैशी और राजू उर्फ बेलाल कुरैशी शामिल है। दोनों आरोपी गुदड़ी चौक के रहने वाले हैं। इन आरोपियों के पास से तीन मवेशी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम बहुबाजार इलाके में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक कार को रोका। तलाशी के दौरान कार से दो मवेशी बरामद किया गया। पुलिस ने कार सवार दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग मवेशी चोरी कर बिक्री के लिए ले जा रहे थे।

## कर्रा में वज्रपात से किसान की मौत

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र की कुदलुम पंचायत के चौनपुर गांव में गुरुवार को मवेशी चराने गये युवक की मौत आसमानी बिजली की चपेट में आने से हो गई। कर्रा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। जानकारी के अनुसार चौनपुर गांव निवासी साऊ मुंडा (45) अपने बैलों को चराने के लिए गांव के बगल में डहु टंगरा के पास ले गया था। लगभग साढ़े बारह बजे बारिश के साथ वज्रपात होने से साऊ मुंडा उसकी चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

54वीं औपबंधिक सूची जिलाः–राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–399/23<br>2. आवेदक–मेघनाथ भट्टाचार्य<br>3. पिता–स्व0 कमलाकान्त भट्टाचार्य<br>4. ग्राम–शास्त्रीनगर कॉके रोड, पोस्ट–राँची यूनिर्वसिटी<br>5. थाना–गोंदा प्रखण्ड–कांके<br>6. लिंग–पुरूष आयु–66 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने बॉह में तिल कानिशान | बड़बिल थाना काण्ड सं0–33/88 जी0आर0 सं0–100/88 | नहीं | कारणः–दिनांक 02.04.1988 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का आरोप धारा–143, 188, 153 भा0द0वि0 पाटी का नाम–अन्य जेल–10 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–487/23<br>2. आवेदक–कृष्णा भगत उर्फ रेहना भगत<br>3. पिता–स्व0 किसुन भगत<br>4. ग्राम–पुरियो पोस्ट–पूरियो<br>5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–61 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान | चुटिया थाना काण्ड सं0–260/87 | नहीं | कारणः–दिनांक 26.09.1987 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप धारा–147, 148 भा0द0वि0पाटी का नाम–अन्य जेल–01 माह 03 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–4022<br>2. आवेदक–रविन्द्रनाथ महतो<br>3. पिता–विनोद महतो<br>4. ग्राम–डोमनडीह पोस्ट–टुटकी नवाडीह<br>5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | सिल्ली थाना काण्ड सं0–43/94 | पृ0सं0–34 क्र0–2(8) | कारणः–दिनांक 15.04.1994 को हरवे हथियार से लैस होकर रंगदारी मांगने का आरोप धारा–307, 387 भा0द0वि0 पाटी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–151<br>2. आवेदक–लालेन टोप्पो<br>3. पिता–स्व0 मसीहचरण टोप्पो<br>4. ग्राम–न्यू गार्डेन सिरमटोली पोस्ट–चुटिया<br>5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाकिरी द्वारा सत्यापित पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विनोद भगत के पहचान के आधार पर। | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–150<br>2. आवेदक–मनोरमा भगत<br>3. पति–बुधु भगत<br>4. ग्राम–न्यू गार्डेन सिरमटोली पोस्ट–चुटिया<br>5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाकिरी द्वारा सत्यापित पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विनोद भगत के पहचान के आधार पर। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आं दोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (0) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.304821 Home(23-24):D



**न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध थाना काण्ड में जप्त वाहनों/जप्त वन पदार्थों से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 28.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 101/2015 | 43/2015 | (1) ट्रैक्टर एल0 टी0 जॉनडिमर इंजन नं0– PY3029D22647 (2) ट्रैक्टर हॉलैण्ड 3030 इंजन नं0– 54530091 कोयला 21 बोरी | 28.08.2023 |
| 2 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 90/2015 | 42/2015 | ट्रक संख्या JH 05AC 0517 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 3 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 41/2015 | 26/2015 | (1) सोनालिका ट्रैक्टर चेचिस नं0– 0311ZJ35987 डाला पर 2 टन कोयला (2) महेन्द्रा ट्रैक्टर हॉलैण्ड 3030 चेचिस नं0– 41944403 डाला पर 2 टन कोयला | 28.08.2023 |
| 4 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 115/2015 | 41/2015 | बिना नम्बर का हिन्दुस्तान ट्रैक्टर कोयला–2 टन | 28.08.2023 |
| 5 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 36/2015 | 37/2015 | (1) प्रित ट्रैक्टर इंजन नं0– 33505160 (2) न्यू होलैण्ड ट्रैक्टर 3032, S325D 36375 (3) महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या–RACL 02936 कोयला–8 टन | 28.08.2023 |
| 6 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 76/2015 | 35/2015 | (1) इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन नं0– T241008D (2) आयसर ट्रैक्टर सिरियल नं0– 32578551983127557 कोयला–5 टन | 28.08.2023 |
| 7 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 52/2015 | 34/2015 | (1) सोनालिका ट्रैक्टर इंजन नं0– 0409ZFS0906, (2) स्कॉट ट्रैक्टर सिरियल नं0– 12944869, कोयला–4 टन, मोटरसाईकल–3, JH 02Q 6054, JH 02U 5703, JH 02N 5886 | 28.08.2023 |
| 8 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 35/2015 | 31/2015 | बिना नम्बर का महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 डी0 आई0 कोयला– 02 टन | 28.08.2023 |
| 9 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 8/2015 | 30/2015 | (1) आयसर ट्रैक्टर, इंजन नं0– 519628892589 (2) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, सिरियल नं0– RENW03939RE, कोयला–4 टन | 28.08.2023 |
| 10 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 162/2014 | 24/2015 | कोयला–02 टन | 28.08.2023 |
| 11 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 9/2015 | 23/2015 | (1) स्वराज ट्रैक्टर ई0 नं0–391308/P9808579, चेचिस नं0–99CA034001199, कोयला 2.5 टन (2) सोनालिका ट्रैक्टर ई0 नं0– 3095F22A1509 चेचिस नं0–02102D15013, कोयला 2 टन | 28.08.2023 |
| 12 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 33/2015 | 22/2015 | (1) ट्रैक्टर मैसी फोरगन 1035 डी0 आई0, इंजन नं0–S337A45550 चेचिस नं0–MEA629AHE1016118, कोयला 1 क्विंटल | 28.08.2023 |
| 13 | गोरहर थाना काण्ड सं0 11/2015 | 12/2015 | पिकअप भान संख्या JH 10AG 2339 80 बोरा स्टीम कोयला | 28.08.2023 |
| 14 | बरही थाना काण्ड संख्या 302/2014 | 8/2015 | ट्रक संख्या – UP 67T 1059 कोयला 20 टन | 28.08.2023 |
| 15 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 42/2015 | 7/2015 | पॉवर ट्रैक्टर 434, मॉडल न0–F430B12353 चेचिस नं0– SN12436F540, Engine No. SN012436F कोयला– 02 टन | 28.08.2023 |
| 16 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 58/2014 | 6/2015 | कच्चा कोयला–16 टन | 28.08.2023 |
| 17 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 264/2016 | 21/2017 | JCB मशीन टाटा 315E, इंजन नं0– AYY00576 चेचिस नं0– 315E1239 | 28.08.2023 |
| 18 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 268/2016 | 22/2017 | (1) महेन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0– RYNH02174 (2) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0– RBT16980M9 (3) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0– RFN105841 (4) पॉवर ट्रैक्टर, इंजन नं0– E3220336 (5) ट्रैक्टर JOHN5103, इंजन नं0– PY30290133692 कोयला– 3 – 3 टन कुल–15 टन | 28.08.2023 |
| 19 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 75/2014 | 27/2014 | महेन्द्रा ट्रैक्टर बिना नम्बर का कोयला–2.5 टन | 28.08.2023 |
| 20 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 33/2014 | 25/2014 | कोयला 40 टन | 28.08.2023 |
| 21 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 80/2014 | 24/2014 | (1) ट्रक– NL-1G-8766 (2) ट्रक– CG-4JB-8426, कोयला 40 टन | 28.08.2023 |
| 22 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 21/2014 | 11/2014 | 1. स्कौट ट्रैक्टर ई0 नं0– E-3-179/007960 2. स्कौट ट्रैक्टर नं0– BR-14E-9755 3. स्कौट ट्रैक्टर ई0 नं0– 215/16870F, कोयला 4.5 टन | 28.08.2023 |
| 23 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 74/2014 | 05/2014 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0– C005562888RI 2. पावर ट्रैक्टर ई0 नं0– E7173013 3. पावर ट्रैक्टर ई0 नं0– E3020389 4. मोटरसाईकिल नं0 JH-10C-1866, कोयला 07 टन | 28.08.2023 |
| 24 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 31/2012 | 21/2012 | ट्रैक्टर ईजन सं0– 005554388 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 25 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 35/2012 | 22/2012 | स्कौट ट्रैक्टर ईजन सं0– 7321001108 मोटरसाईकिल सं0– JH-02R-6087, कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 26 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 29/2012 | 25/2012 | ट्रैक्टर इंजन नं0– 33224B88734 कोयला 02 टन | 28.08.2023 |
| 27 | गोरहर थाना काण्ड सं0 08/2012 | 28/2012 | ट्रक सं0– JH-10W-8509 कोयला 19 टन | 28.08.2023 |
| 28 | सदर थाना काण्ड सं0 302/2012 | 30/2012 | ट्रक सं0 JH-5A-7672 कोयला– 10 बोरा | 28.08.2023 |
| 29 | बरही थाना काण्ड सं0 135/2012 | 35/2012 | बस सं0– BR-21D-9914 कोयला – 04 टन | 28.08.2023 |
| 30 | सदर थाना काण्ड सं0 401/2012 | 37/2012 | सीटीराईट बस सं0– JH-2E-1928 कोयला– 100 बोरा | 28.08.2023 |
| 31 | चौपारण थाना काण्ड सं0 105/2012 | 39/2012 | पिकअप भैन सं0– BR-2E-0363 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 32 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 73/2012 | 41/2012 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0– PAC726841 मोटरसाईकिल सं0 – JH-02E-0571, कोयला 1.5 टन | 28.08.2023 |
| 33 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 77/2013 | 53/2013 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 – NGN6658,00558509 पत्थर | 28.08.2023 |
| 34 | बरही थाना काण्ड सं0 159/2013 | 46/2013 | ट्रक नं0– JH-02U-3095 कोयला 20 टन | 28.08.2023 |
| 35 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 63/2013 | 36/2013 | ट्रैक्टर ईजन सं0– PY3029D165043 कोयला– 02 टन | 28.08.2023 |
| 36 | बरकट्ठा थाना काण्ड सं0 81/2013 | 37/2013 | ट्रक नं0– JH-10Y-4705 कोयला ............ टन. | 28.08.2023 |
| 37 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 20/2012 | 17/2012 | 1. स्कूटर सं0 – BR-40-4523, 2. स्कूटर सं0 – BR-47-1258 3. स्कूटर सं0 – BPM-199, कोयला– 03 क्विंटल | 28.08.2023 |
| 38 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 22/2012 | 18/2012 | 1. सोनालिका ट्रैक्टर ई0 सं0 3092F32B28035 2. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 C05552888 3. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 C05552442RJ, कोयला– 06 टन | 28.08.2023 |
| 39 | ईचाक थाना काण्ड सं0 27/2012 | 19/2012 | स्कौट ट्रैक्टर– Eng. No. 03002444 कोयला– 03 टन | 28.08.2023 |
| 40 | बरही थाना काण्ड सं0 230/2013 | 56/2013 | पिकअप भान सं0 JH-02-9042 मोटरसाईकिल सं0– JH-02P-4636, कोयला 100 बोरा | 28.08.2023 |

PR 304848 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

अमिताभ चाहते हैं उनके लिए वैनिटी वैन... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास — सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 195 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00




## NEWS इन ब्रीफ

### निलंबित छवि रंजन ने हाईकोर्ट से याचिका ली वापस



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सेना के कब्जे वाली जमीन समेत रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की क्वैशिंग याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अदालत की अनुमित से अपनी याचिका वापस ले ली।

### तेज रफ्तार बाइक ट्रक में घुसी, दो नाबालिग लड़कों की मौत

**पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर-पांकी मुख्य पथ पर सगालिम के पीरी मोड़ के पास गुरुवार को सड़क हादसे में दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि दोनों नाबालिग किशोरों के सिर में गंभीर चोट लगी है। बाइक चालक और सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। बाइक सवार पांकी से मेदिनीनगर की ओर जबकि ट्रक डालटनगंज की ओर से पांकी की ओर जा रहा था। अनियंत्रित होकर बाइक ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को घेर लिया। पांकी थाने को मामले की सूचना दी गई।

### जमीन घोटाले के आरोपी तल्हा खान की बेल याचिका पर सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने विस्तृत बहस सुनने के लिए 19 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। तल्हा खान की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। तल्हा खान पर सेना के कब्जे वाली जमीन सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है। तलहा खान को ईडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

### यौन शोषण : प्रदीप यादव की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पूर्व में कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई थी।

# झारखंड में 14 में से 9 लोस सीटों पर लड़ने का कांग्रेस का फैसला

## घटक दलों के साथ सीट बंटवारे पर होगी जिच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस ने झारखंड की 14 में से नौ लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। शेष पांच सीटों पर वह इंडिया गठबंधन के घटक दलों के प्रत्याशियों की जीत के लिए जोर लगाएगी। यह फैसला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की मौजूदगी में राज्य इकाई की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में लिया गया। कांग्रेस के फैसले पर फिलहाल झारखंड में इंडिया के घटक दलों की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जिच होगी। वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने यूपीए गठबंधन के तहत सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। गठबंधन में झामुमो के हिस्से चार सीटें आई थीं, दो सीटें बाबूलाल मरांडी की पार्टी जेवीएम को दी



गई थी। जबकि, राष्ट्रीय जनता दल को मात्र एक सीट मिली थी। हालांकि राजद आखिर तक अपनी जिद पर अड़ा रहा और उसने दो सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। नतीजतन चतरा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और राजद दोनों के प्रत्याशी एक साथ मैदान में थे। इस बार कांग्रेस ने सात के बजाय नौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। पिछली बार की सात सीटों के अलावा जिन दो सीटों पर उसका दावा है, उनमें गोड्डा और कोडरमा लोकसभा की सीटें हैं। दोनों सीट को पिछली बार बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के लिए छोड़ा गया था। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि ये दोनों सीटें उसने अपने कोटे से जेवीएम के लिए छोड़ी थीं। अब जेवीएम विघटित हो चुकी है। ऐसे में इन दोनों सीटों पर वह अपने उम्मीदवार देगी। कांग्रेस ने जिन नौ सीटों पर लड़ना तय किया है, उनमें चाईबासा, खूंटी, चतरा, धनबाद, रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, गोड्डा और कोडरमा शामिल हैं। फिलहाल, इनमें से मात्र एक सीट चाईबासा उसके कब्जे में है, जहां से गीता कोड़ा सांसद हैं। इस बार इंडिया गठबंधन में झारखंड की सीटों के बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा जिच चाईबासा, चतरा और हजारीबाग सीट को लेकर होगी। चाईबासा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले से दावा ठोक रहा है। पार्टी की जिला कमेटी ने इस सीट पर झामुमो का प्रत्याशी उतारने का प्रस्ताव पारित कर सेंट्रल कमेटी को भेजा है। झामुमो का तर्क है कि चाईबासा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों में मात्र एक सीट को छोड़ बाकी पर झामुमो का कब्जा है। यानी यहां झामुमो का जनाधार कांग्रेस की तुलना में ज्यादा बड़ा है।

दूसरी तरफ यह कांग्रेस की सीटिंग सीट है, तो वह इसे किसी भी हाल में छोड़ने को तैयार नहीं होगी। हजारीबाग सीट पर वाम दलों की ओर से दावेदारी की जा रही है। दरअसल, इस सीट पर वर्ष 2004 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता जीत दर्ज कर चुके हैं। इस बार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा खुद इस सीट से लड़ना चाहते हैं। पिछले चुनाव में यूपीए गठबंधन में वाम दल शामिल नहीं थे, लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन में उनकी भी साझेदारी है। लिहाजा उनकी ओर से भी दावेदारी होगी। तीसरी सीट चतरा है, जिस पर जिच के आसार हैं। दरअसल, इस सीट पर पूर्व में राजद के प्रत्याशी जीत चुके हैं और इस आधार पर राजद यहां दावेदारी करता रहा है। पिछली बार कांग्रेस और राजद दोनों इस सीट पर अड़े रहे और आखिरकार दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। हालांकि दोनों को ही निराशा हाथ लगी थी। राजद इस बार फिर चतरा में दावा करेगा, जबकि कांग्रेस इस आधार पर यहां अपना प्रत्याशी देना चाहती है कि पिछले चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रही थी।

## मुख्यमंत्री ने निःशुल्क आवासीय कोचिंग का किया शुभारंभ, कहा

# आदिवासियों को सशक्त बनाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतियोगिता का जमाना है। समाज में समय के साथ तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं। इसमें आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ने की जरूरत है। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। कई चुनौतियां से निपटना होगा। कड़ी मेहनत करनी होगी। नए रास्ते बनाने होंगे। अपनी गति को बनाए रखनी होगी, तभी, आप आगे बढ़ेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इन तमाम परिस्थितियों से निकलते हुए कामयाबी की मंजिल प्राप्त करेंगे। ये बातें उन्होंने गुरुवार को डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, रांची में अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय (पीवीटीजी) के युवक-युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम का पारंपरिक तरीके से नगाड़ा बजा कर शुभारंभ करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने पीवीटीजी को समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष खड़ा करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम की शुरूआत की है। आगे इस तरह की कई योजनाएं और भी आएंगी और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, टीआरआई के निदेशक रणेन्द्र कुमार और अपर सचिव अजय नाथ झा विशेष रूप से मौजूद थे।




### संवेदनशील विषयों को लेकर सरकार बेहद गंभीर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार के मुफ्त राशन पर आप सिर्फ जिंदा रह सकते हैं। आप इस राशन के भरोसे ना आप पढ़ाई- लिखाई कर सकते हैं और ना रोजगार पैदा कर सकते हैं। मुफ्त राशन के जरिए आप आगे कभी नहीं बढ़ सकते हैं । ऐसे में मेरा मानना है कि सरकार का दायित्व सिर्फ लोगों को मुफ्त राशन भर देना नहीं है, बल्कि तमाम संवेदनशील विषयों पर बेहतर नीति बनाने के साथ उसे धरातल पर उतारने की जरूरत है । इसी सोच के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है और राज्य को नई दिशा देने का काम कर रही है।

### विलुप्त हो रहे कई आदिवासी समुदाय

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आदिवासी खासकर अत्यंत संवेदनशील जनजातीय समूह के लोगों की संख्या का लगातार कम हो रही है । ऐसे कई जनजातीय समूह विलुप्त होने की कगार पर हैं। अगर हम नहीं चेते तो आने वाले दिनों में इनका वजूद खत्म हो सकता है। ऐसे में हमारी सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर कई योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों को सशक्त और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

### 156 युवक-युवतियों का चयन

**पीवीटीजी** समुदाय के युवक-युवतियों के निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए कुल 373 आवेदन मिले थे। इसमें 156 आवेदकों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित आवेदकों में 63 युवती और 93 युवक शामिल हैं। इसमें असुर समुदाय के 33, बिरहोर समुदाय के 3, बिरजिया समुदाय के 27, कोरवा समुदाय 22, परहैया समुदाय के 9, सबर समुदाय के 1, माल पहाड़िया समुदाय के 38, सौरिया पहाड़िया के 23 युवक युवती हैं।इसके अलावा शिक्षण हेतु शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है ।

### आदिवासी बच्चे अब विदेश में प्राप्त कर रहे हैं उच्च शिक्षा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज सरकार के द्वारा आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यकों के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के द्वारा बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, फूलो -झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। हमारी सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो झारखंड की दशा और दिशा को बदलने का काम कर रहे हैं। यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक कि हमारा राज्य और हमारी जनता समृद्ध और खुशहाल नहीं बन जाते हैं।

## डुमरी उप चुनाव 2023

# इंडिया-एनडीए के उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए गुरुवार को अंतिम दिन इंडिया गठबंधन की झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी और एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी ने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इंडिया की प्रत्याशी और प्रदेश की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के साथ नामांकन के दौरान झामुमो विधायक मथुरा महतो, कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम विधायक सरफराज अहमद, माले विधायक बिनोद सिंह भी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। पर्चा दाखिल करने के बाद बेबी देवी ने कहा कि उनका सपना अब उनका नहीं रहकर उनके पति से जुड़ा हुआ है। डुमरी को हर तरह से स्नेह देना ही



उनके चुनाव जीतने का मकसद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जो स्नेह और समर्थन डुमरी की जनता से उनके पति जगरनाथ महतो को मिला, वह उन्हें भी मिलेगा। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि डुमरी की एक एक जनता इस बार बेबी देवी के साथ है। उन्हें इस उप चुनाव में भारी मतों से विजय मिलेगी। एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के नामांकन के दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व सांसद डॉ रविन्द्र राय, विधायक रणधीर सिंह, विधायक नारायण दास, डुमरी के भाजपा नेता प्रदीप साहू पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मतदान पांच सितंबर को है। आठ को मतगणना होगी। डुमरी प्रखंड की 37 पंचायत और बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड की 24 पंचायत व चंद्रपुरा प्रखंड की नौ पंचायतों में 373 बूथ बनाये गये हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 हैं।

# चतरा में जेजेएमपी का उग्रवादी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले की टंडवा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के नाम से लेवी मांगने वाले एक उग्रवादी का गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी का नाम फलेन्द्र गंझू उर्फ ठुपा गंझु है। वह लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित भगिया टोला का रहने वाला है। इसके पास से धमकी देने वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया है। चतरा एसपी राकेश रंजन ने गुरुवार को बताया कि 16 अगस्त को एनटीपीसी टंडवा में कार्य रही सिंपलेक्स कंपनी से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर भीम के नाम पर लेवी मांगी गयी थी। इसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी शाखा के सहयोग से कार्रवाई करते हुए उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

### सीएम ने भाजपा नेत्री के खिलाफ भूमि मामले में जांच की अनुमति दी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा नेत्री मिस्फिका हसन के खिलाफ अवैध तरीके से भूमि और संपत्ति अर्जन के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो को पीई (प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज करने की अनुमति दी है। मिस्फिका हसन अभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री हैं। वह पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता भी हैं। उन पर पाकुड़ के ईलामी प्रखंड की मुखिया रहते अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने मिस्फिका के खिलाफ पीई (प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज करने की स्वीकृति मांगी थी। उनके खिलाफ एसीबी को एक शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र के साथ कंप्लेन लेटर दिया है। उसके मुताबिक, मिस्फिका के नाम से कुल 8 भूखंडों का रजिस्टर्ड डीड है। इसके अलावा उन्होंने मुखिया रहते हुए कई अन्य संपत्ति भी अर्जित की है।

# पैसों के विवाद में हुई थी भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या

## उग्रवादी संगठन से जुड़े हैं हत्या के तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लातेहार के बालूमाथ में हुए भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या पैसों के लेनदेन की वजह से हुई थी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि भाजपा नेता के द्वारा एक बड़ी रकम की लेनदेन कुछ ऐसे लोगों के साथ की गई थी जो एक प्रतिबंधित नक्सली संगठन के साथ जुड़े हुए थे। रकम काफी बड़ी थी इसलिए इसे लेकर लगातार राजेंद्र साहू के साथ विवाद चल रहा था। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा नेता के हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शूटर की तलाश की जा रही है। इसके लिए



एटीएस और जिला पुलिस की टीम लगी हुई है। डीजीपी के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपी हत्या की साजिश रचने में शामिल थे और शूटर को इन्हीं के द्वारा पनाह दिया गया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक उग्रवादी संगठन के 5 करोड़ के लेनदेन में उपजे विवाद की वजह से ही राजेंद्र साहू की हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि मामला नोटबंदी के समय का जुड़ा हुआ है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। भाजपा नेता सह कोयला कारोबारी राजेंद्र प्रसाद साहू पर लातेहार के बालूमाथ में 12 अगस्त की शाम अपराधियों के द्वारा फायरिंग की गई थी। इस फायरिंग में राजेंद्र प्रसाद बुरी तरह से जख्मी हो गए थे, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया था। दो दिनों के बाद घायल भाजपा नेता की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। भाजपा नेता पर हमले के बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिलवाया दिया है।


## गुलाम नबी आजाद ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक जनसभा में कहा

# 600 वर्ष पहले यहां मुस्लिम नहीं थे

### भारत के मुसलमान पहले हिंदू थे, जो बाद में कन्वर्ट हो गए

**आरएनएम। नई दिल्ली**

कांग्रेस से छिटक कर अलग हो डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाने वाले पूर्व कांग्रेसी नेता , पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक जनसभा में कहा कि हिंदू धर्म इस्लाम से भी पुराना है और सभी मुसलमान पहले हिंदू ही थे। आजाद ने कहा इस्लाम का जन्म 1500 साल पहले हुआ। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इस देश के हैं। भारत के मुसलमान मूल रूप से



हिंदू थे, जो बाद में कन्वर्ट हो गए। नौ अगस्त की इस जनसभा में उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर में 600 साल पहले केवल कश्मीरी पंडित थे, फिर कई लोग कनवर्ट होकर मुसलमान बन गए। आजाद ने कहा कि धर्म को राजनीति के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। लोगों को धर्म के नाम पर वोट नहीं देना चाहिए। गुलाम नबी आजाद ने कहा, वे बाहर से आए। मुगलों की सेना में 10-20 लोग ही रहे होंगे। बाकी सभी हिंदू और सिख धर्मों से धर्मांतरित हैं। उन्होंने कहा, इसका उदाहरण कश्मीर है। 600 साल पहले कश्मीर में कोई मुसलमान नहीं था। उन्होंने कहा, हमने ही हिंदुओं, मुस्लिमों, दलितों और कश्मीरियों के लिए देश बनाया है। यह हमारी अपनी जमीन है, यहां कोई भी बाहर से नहीं आया है। गुलाम नबी आजाद बोले मैंने संसद में बहुत सी चीजें देखी हैं, जो आप तक नहीं पहुंचती हैं। हमारे एक साथी सांसद ने कहा कि कुछ लोग बाहर से आए हैं, लेकिन मैंने उनकी इस बात का विरोध किया।आजाद ने आगे कहा, हम बाहर से नहीं आए हैं। इसी मिट्टी की पैदावार हैं। इस मिट्टी में ही खाक होना है। भाजपा के किसी नेता ने कहा कि कोई बाहर से आया है, कोई अंदर से आया है। मैंने उनसे कहा कि अंदर-बाहर से कोई नहीं आया है। हिंदुओं में जलाया जाता है। इसके बाद अवशेष दरिया (नदी) में डाल देते हैं। वह पानी अलग-अलग जगह जाता है। खेतों में भी जाता है यानी हमारे पेट में चला जाता है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख ने कहा कि मुसलमान भी इस जमीन के अंदर जाता है। उसका मांस उसकी हड्डियां भी इसी भारत माता की धरती का हिस्सा बन जाते हैं। तो फिर हिंदू-मुसलमान क्यों करना? दोनों इसी मिट्टी में मिल जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि यह सब सियासी जंग है।

# विकास रंजन नॉक आउट आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट 19-20 अगस्त को



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद फुटबॉल क्लब (डीएफसी) की ओर से 19 और 20 अगस्त को दो दिवसीय दिवारात्रि विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह नॉक आउट आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन झारखंड मैदान हीरापुर में किया जाएगा. यह जानकारी झारखंड मैदान स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार 17 अगस्त को आयोजित प्रेसवार्ता में क्लब के सचिव विकास साव ने दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी. विजेता टीम को 15 हजार रुपया, उपविजेता को 10 हजार रुपया व तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5 हजार और तीन हजार नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी और व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. विकास साव ने बताया कि 19 अगस्त को उद्घाटन समारोह में एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी, उप समाहर्ता प्रदीप कुमार, अंचल अधिकारी प्रशांत लायक और जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार उपस्थित होंगे. 20 अगस्त की शाम पुरस्कार वितरण समारोह में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, डीएवी स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद अंकेश राज और भाजयुमो महासचिव रुपेश सिन्हा शरीक होंगे. प्रेस वार्ता में बबलू ठाकुर, बबलू मिश्रा, अजीत सिन्हा, विकास साव, विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह, रूपा सिंह, अनिल लाल, सतीश प्रसाद, राजेश केसरी, संतोष यादव, अजय बास्की, छोटू, मोटू, रोशन, विमलेश, नितेश, तारक नाथ दास, राकेश ठाकुर, रोशन ठाकुर, मुकेश, राजू, अक्षय, डीलडील, प्रमोद यादव उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे.

# डीपीएस रांची में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के प्रागंण में समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने इस पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शानदार परेड एवं मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा और सभी ने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर विवेकानंद सभागार में भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा ₹कदम-कदम बढ़ाये जा₹ की मधुर प्रस्तुति से हुई। इसके बाद स्कूल की हेड गर्ल शिवांगी कुमार की भाषण प्रस्तुति हुई, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । उसके बाद, कक्षा नर्सरी के छात्रों द्वारा भारतीय राज्यों की सुंदरता पर प्रकाश डालते हुए नाटकीय प्रस्तुति दी जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## डीसी ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अधिकारियों के साथ बैठक की

# हाई रिस्क वाले स्थान को जल्द खाली कराएं : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन ने गुरुवार 17 अगस्त को समाहरणालय में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) के अधिकारियों के साथ बैठक की. डीसी ने जेआरडीए के कार्यों की जानकारी ली. डीसी ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित सभी पदाधिकारी को ध्यान देने को कहा. जिसमें से लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) का सत्यापन बीसीसीएल व संबंधित सीओ मिलकर जल्द से जल्द करें. साथ ही जमीन संबंधित जितने भी मामले हैं उसे निपटाए और सबसे महत्वपूर्ण जितने भी लोगों को आवास आवंटन हुए हैं वैसे लोगों को हाई रिस्क साइट से जल्द से जल्द विस्थापित करें. उन्होंने एक-एक कर सभी एरिया जीएम से पुनर्वास में आ रही समस्याओं की जानकारी ली और एक्शन प्लान तैयार करते हुए हर हफ्ते 10 से 15 लोगों को शिफ्ट करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लोग शिफ्ट नहीं हो रहे हैं उन्हें नोटिस दें. बैठक में जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) व नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन व स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी. उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, जेआरडीए के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत संबंधित सभी एरिया के जीएम मौजूद रहे.

# बदमाशों ने गार्ड को बंधक बना लाखों की मशीन-पार्ट्स ले भागे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया थाना क्षेत्र के हजारी मोड़ स्थित निजी कंपनी ओवल प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग के स्टोर पर धावा बोलकर अपराधियों ने 17 अगस्त की अहले सुबह लाखों रुपए की मशीनें व पार्ट्स-पुर्जे लूट लिए. स्टोर में तैनात दोनों गार्डों की पिटाई भी की. गुरुवार की सुबह गार्डों ने गोमिया थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी. पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर इलाज कराया. सब इंस्पेक्टर दिलीप मुंडा व एएसआई आनंद प्रकाश पांडेय ने जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. गार्ड राजेश कुमार और मुन्ना कुमार राय ने बताया कि वे दोनों ओएनजीसी अधीनस्थ ओवल प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के हजारी मोड़ के समीप स्थित स्टोर में बुधवार की रात्रि पाली में ड्यूटी पर तैनात थे. गुरुवार को तड़के करीब तीन बजे चार-पांच की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने तमंचे का भय दिखाकर दोनों को पकड़ लिया और पिटाई कर एक कमरे में बंद कर दिया. इसके बाद स्टोर में रखी कंपनी की ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, रेंच सहित करीब चार-पांच लाख रुपये के कीमती पार्ट-पुर्जों को एक पिकअप वैन में लोडकर ले गए. जाते समय उनलोंगों गार्डों का मोबाइल छीन कर तोड़ दिया. बदमाशों के जाने के बाद गार्डों ने किसी तरह घटना की सूचना कंपनी के वरीय अधिकारियों को दी.

## पिता-पुत्र ने की युवक की पिटाई, हुई मौत

**धनबाद।** बलियापुर ऑटो स्टैंड में गुरुवार 17 अगस्त को आपसी विवाद में पिता पुत्र ने आसिफ नाम के एक युवक की गर्दन मरोड़ दी. जिसके बाद आसिफ खून की उल्टियां करने लगा. हालत बिगड़ने के बाद आरोपी इलाज के लिए आसिफ को लेकर एसएनएमएमसीएच पहुंचा. जहां चिकित्सकों ने आसिफ को मृत घोषित कर दिया. घटना से आक्रोशित परिजनों ने आरोपी रशीद अंसारी की जमकर पिटाई कर दी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने घायल रशीद अंसारी को हिरासत में लेकर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती करवाया. मृतक आसिफ के पिता मोहम्मद इम्तियाज व स्थानीय पूर्व पार्षद गुड्डू खान ने बताया कि आरोपी राशिद खान व उसके बेटे ने आसिफ की बुरी तरह पिटाई की और गर्दन मरोड़ कर उसकी हत्या कर दी. आसिफ की मौत से पूरा परिवार सदमे में है. मृतक के परिजनों ने पुलिस से आरोपी को कड़ी सजा दिलानें की मांग की है. बलियापुर थाना के दारोगा निलेश सिंह ने बताया कि आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है.

## महिला से डेढ़ लाख की छिनतई

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पुलिस की नींद हराम कर रखी है. गुरुवार 17 अगस्त को अपराधियों ने दिन दहाड़े एक महिला से डेढ़ लाख रुपये छीन लिये. भुक्तभोगी महिला ने निरसा पुलिस को लिखित शिकायत दी है. सूचना मिलते ही पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए रेस हो गयी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि निरसा महताडीह की रहने वाली रेखा गोराई, अंजना बागती और मामनी पाल निरसा सिनेमा हाल के पास पंजाब नैशनल बैंक से डेढ लाख रुपये निकालकर वापस घर जाने के लिए बाहर निकली. इसी बीच बाइक से दो अपराधी आये और रेखा गोराई नामक महिला का थैला झपटकर भाग निकले. इस संबंध में भुक्तभोगी महिला ने लिखित शिकायत में कहा है कि वह लोग सरस्वती आजीविका सखी मंडल समूह चलाती हैं. उस समूह को सीसीआई लिंकेज माध्यम से डेढ लाख का लोन पास हुआ था. उसी लोन के रुपये बैंक से निकालकर जा रही थी.

## जल संचयन के लिए 17 सोख्ता का निर्माण

**चाईबासा।** घटते जलस्तर को देखते हुए नगर परिषद के द्वारा अनेक सोख्ता का निर्माण करवाया गया है,और वर्तमान में भी करवाया जा रहा है. यह कदम पिछले दिनों पानी के घटते लेयर को देखते हुए उठाया गया. इन सोख्ता का निर्माण उन चापाकलो स्टैंड पोस्ट के पास किया गया है जहां पर इनका ज्यादा इस्तेमाल होता है. सोख्ता का निर्माण इस लिए कराया जा रहा कि पानी के जलस्तर में कमी नहीं हो और पानी जमीन में ही सूख जाए. इसी तरीके के सोख्ता का निर्माण शहरी जलापूर्ति के तहत बनाए गए स्टैंड पोस्ट के पास भी किया गया है. यह सारी कवायद सिर्फ इसलिए हो रही है ताकि पानी का लेवल बना रहे. नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शहर में कुल 17 सोख्ता का निर्माण कराया गया है, कुछ जगहों पर कराया जा रहा है.

## ट्रैक्टर पलटने से चार लोग घायल, दो गंभीर

**चाईबासा।** रांची चाईबासा मुख्य मार्ग के बंदगांव प्रखंड की कराइकेला थाना क्षेत्र स्थित राजापरम गांव के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटने से चार लोग घायल हो गए. बताया जाता है कि राजापरम गांव से कुछ युवक ट्रैक्टर पर सवार होकर ट्रैक्टर के चक्के में हवा भरवाने को लेकर कराइकेला आ रहे थे, ट्रैक्टर काफी तेज रफ्तार में थी. इसी दौरान सामने से मोपेड पर आ रहे एक युवक को देखकर ट्रैक्टर चालक अनियंत्रित हो गया और इससे ट्रैक्टर पलट गई, इससे मोपेड सवार युवक भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गया. ट्रैक्टर पलटने से मोपेड सवार युवक बाउरीसाई गांव निवासी विकास कैवर्त युवक दब गया, इससे उसे गंभीर चोट लगी. ट्रैक्टर चालक राजापरम गांव निवासी उमेश गागराई को भी गंभीर चोट पहुंची. ट्रैक्टर पर सवार अन्य दो लोग को हल्की रूप से चोट लगी. घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए एक गाड़ी में चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया. जहां सभी घायलों का इलाज प्रारंभ किया गया. वही इस घटना में घायल विकास कैवर्त की स्थिति गंभीर बनी हुई थी.

# उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने गावां में किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र रविदास ने 17 अगस्त गुरुवार को गावां प्रखंड की नगवां पंचायत में मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने बूथ नम्बर 54 व 55 का निरीक्षण किया. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन कर त्रुटियों को दूर कर रहे हैं. अभियान 21 अगस्त तक चलेगा. इसके बाद एक अक्टूबर से 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा है. मतदाता सूची व फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण भी किया जाएगा. साथ ही नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नये पते को दर्ज किया जाना है. उप निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र रविदास ने बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि एक भी योग्य मतदाता का नाम छूटने नहीं पाये. उन्होंने मतदाताओं से मिलकर उन्हें जागरूक भी किया.

## ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र के काशिदा रेलवे फाटक के समीप गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर रेलवे एवं स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. घटना के बाद रेल पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने के लिए काफी लोगों को बुलाया लेकिन सभी लोगों ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया. शव के पास से 2200 रुपए नगद एवं बंगला में लिखा कुछ कागज पुलिस ने बरामद किया है. शव अज्ञात होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया गया है. शव की पहचान होने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा.

## नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में एडमिशन की तिथि बढ़ी

**चाईबासा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में एडमिशन के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की आज अंतिम तिथि थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है. नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में छठी क्लास में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख को 25 अगस्त के लिए बढ़ा दी है. पश्चिमी सिंहभूम के विद्यार्थी भी 25 अगस्त तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं. इच्छुक छात्रों के अभिभावक व माता-पिता जवाहर नवोदय विद्यालय सेलेक्शन टेस्ट के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.

## ज्वेलरी सहित लाखों की संपत्ति चोरी

**धनबाद।** शहर में चोरों के हौसले सातवें आसमान पर पहुंच गये हैं. चोरों ने इस बार विनोद नगर के त्रिमूर्ति मंदिर के पास बंद घर को निशाना बनाकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया. गृहस्वामी शायन मुखर्जी नोएडा में आईटी कंपनी में कार्यरत है. बिनोद नगर वाले मकान में दो तीन महीनों से ताला लगा हुआ था. गृहस्वामी शायन मुखर्जी ने बताया कि वो बुधवार 16 अगस्त की रात 11 बजे दिल्ली से लौटे, तो घर के मेन गेट पर घर का समान बिखरा हुआ था. खिड़की टूटी हुई है.

# हतनाबुरू में स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** मनोहरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती सारंडा अंतर्गत दीघा पंचायत के हतनाबुरु गांव में गुरुवार को यूनिसेफ के सहयोगी संस्था (सीएसडब्ल्यूआर) के तत्वावधान में स्वास्थ्य संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया. शिविर में सारंडा क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित हुए. इसमें गर्भवती, धात्री महिलाओं के अलावा आम ग्रामीणों को पौष्टिक आहार एवं खान पान से संबंधित पोषण, स्तनपान, हाथ धोने का तरीका, एवं स्वास्थ्य से संबंधित साफ-सफाई आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. साथ ही ग्रामीण परिवेष में गुजर बसर कर रहे परिवारों का आर्थिक स्थिति को सुधारने की सीख दी गई. शिविर में ग्रामीण महिलाओं को छह माह तक के बच्चों को सिर्फ मां का दूध पिलाने के लिए बोला गया. ताकी बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सकें. बैठक में मुख्य रूप से सीएसडब्ल्यूआर के सोशल मोबिलाइजर जयराम मांझी तथा हतनाबुरु ग्राम के मुंडा सुखराम हांसदा, बुधराम सिध्दू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# डुमरी उपचुनावः बेबी देवी व यशोदा ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में 17 अगस्त गुरुवार को इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार राज्य की उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी और एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी ने नामांकन दाखिल किया. दोनों प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी डूमरी एसडीओ के कार्यालय में नामांकान पत्र जमा किया. झामुमो (इंडिया) प्रत्याशी बेबी देवी के नामांकन के समय झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो, डॉ. सरफराज अहमद, भाकपा माले के विनोद सिंह, लोकेश्वर महतो व जयलाल महतो सहित गठबंधन के कई नेता मौजूद थे. नामांकन दाखिल करतीं आजसू की यशोदा देवी, साथ में हैं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, रवींद्र राय व अन्य वहीं, आजसू (एनडीए) की यशोदा देवी के नामांकन के समय आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, प्रदीप साहू समेत एनडीए के कई नेता उपस्थित थे.

**चिंता** | बारिश होने के बाद चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ा

# डैम का खोला गया दूसरा रेडियल गेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ऊपरी क्षेत्र में बारिश होने के बाद चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने लगा है. जलस्तर बढ़ता देख परियोजना प्रशासन ने डैम का दूसरा रेडियल गेट को खोल दिया है. गुरुवार सुबह चांडिल डैम का रेडियल गेट संख्या छह को 20 सेंटीमीटर खोला गाया. वर्तमान में चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर दर्ज किया गया है. बरसात के मौसम में अचानक जलस्तर बढ़ न जाए इसके लिए चांडिल डैम का जलस्तर कम किया जा रहा है. इसके पूर्व रविवार को डैम का जलस्तर 180.65 मीटर दर्ज किए जाने के बाद गेट संख्या 11 को 30 सेंटीमीटर तक खोल दिया गया था. फिलहाल चांडिल डैम का दो रेडियाल गेट खुला है. परियोजना प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुरक्षा के लिए ऐहतियात के तौर पर एक रेडियल गेट को खोला गया है, ताकि बारिश के बीच अचानक जलस्तर बढ़ने पर डूब क्षेत्र के किसी भी गांव में पानी ना घुसे. बारिश के मौसम में चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रतिवर्ष डुब क्षेत्र के विस्थापित गांव जलमग्न हो जाते हैं. इससे विस्थापितों को काफी नुकसान होता है और इस दौरान उन्हें विकट स्थिति का सामना भी करना पड़ता है. बारिश होते ही विस्थापितों की दिल की धड़कन बढ़ जाती है. तेज बारिश होने पर डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिसके कारण डैम के किनारे पर बसे डूब क्षेत्र के गांवों में डैम का पानी घुस जाता है. विस्थापित बताते हैं कि विस्थापन के बाद परियोजना प्रशासन की ओर से उन्हें संपूर्ण मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा नहीं मिला है, जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में विस्थापित परिवार अब भी अपने पुराने गांव में ही रहते हैं. वहीं, अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच ने इसे आंदोलन का परिणाम बताया है. मंच के अध्यक्ष राकेश महतो ने कहा कि दस सूत्री मांगों के समर्थन में मंच के बैनर तले विस्थापित 16 जून से अनिश्चितकाली धरना दे रहे है.

# नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज, दर्जनों शराब भट्ठियों को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला पुलिस इन दिनों नशे के खिलाफ अभियान चला रही है. गुरुवार को अभियान में तेजी लाते हुए एसएसपी द्वारा गठित टीम ने बिरसानगर और गोविंदपुर थाना क्षेत्र के इलाकों में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान दर्जन भर से ज्यादा अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया है. इस दौरान बिरसानगर थाना प्रभारी भूषण कुमार, सिदगोड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार, बिरसानगर थाना प्रभारी विवेक माथुरी, गोविंदपुर थाना प्रभारी अमित कुमार और उत्पाद विभाग से प्रविण कुमार राणा मौजूद रहे. एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. इसी अभियान के तहत एएसएसपी सिटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए शराब भट्ठियों को नष्ट किया है. हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. सभी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी.

NEWS इन ब्रीफ

## निमार्णाधीन पेयजलापूर्ति संयंत्र का काम को लोगों ने रोका

**रांची।** खलारी प्रखंड के पुरानी राय में निमार्णाधीन पेयजलापूर्ति संयंत्र का काम लोगों ने विगत बुधवार को रोक दिया। साथ ही इस संयंत्र में तोड़फोड़ भी गई। दोपहर बमने पंचायत मुखिया शिवनाथ मुंडा के नेतृत्व में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्माण किए जा रहे संयंत्र का काम रोक दिया गया। मुखिया शिवनाथ मुंडा ने कहा कि निमार्णाधीन स्थल पर बरसों से जितिया-जतरा रामनवमी सहित अन्य त्योहारों बनाये जाते हैं। इधर निमार्णाधीन स्थल का काम रोके जाने पर खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे पेयजलापूर्ति का काम राय पंचायत के प्लॉट नंबर 2154 में कराया जाना है, जबकि इसका निर्माण बमने पंचायत के प्लॉट नंबर तीन पर काम कराया जा रहा है जो गलत है। इधर इस निर्माण के विरोध स्वरूप बमने पंचायत के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौंपा। ग्रामीणों के भारी विरोध को लेकर उप विकास आयुक्त रांची द्वारा शुक्रवार को निमार्णाधीन संयंत्र स्थल का निरीक्षण कराया जाना है।

## प्री-पेड स्मार्ट मीटर की जांच का सीएमडी ने दिया निर्देश

**रांची।** राजधानी रांची में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। जेबीवीएनएल द्वारा शहरी क्षेत्र के 3.5 लाख उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसमें अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें आ रही हैं। इसे लेकर जेबीवीएनएल प्रबंधन हरकत में आ गया है। ऊर्जा सचिव, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम और एमडी जेबीवीएनएल अविनाश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच का निर्देश दिया है। जेबीवीएनएल अब तक लगाए गए स्मार्ट मीटर की थर्ड पार्टी जांच कराएगा। थर्ड पार्टी जांच के लिए जेबीवीएनएल दो से तीन दिन के अंदर निविदा आमंत्रित करेगी। थर्ड पार्टी जांच में न केवल स्मार्ट मीटर की जांच होगी बल्कि यह भी देखा जा जाएगा कि क्या स्मार्ट मीटर लगने के पहले और अब आ रही एनर्जी यूनिट में कितना फर्क है। इससे यह भी मिलान किया जाएगा कि यह अंतर मामूली है या बहुत अधिक। यह भी पता लगाया जाएग।

## सांप्रदायिक ताकत को भगाने की जरूरतः जयप्रकाश नारायण यादव

**रांची।** राजद के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिला अध्यक्ष ,महिला जिला अध्यक्ष और युवा जिला अध्यक्ष की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार , अंबेडकर पर परिचर्चा और जिला सम्मेलन पर चर्चा की गयी। बैठक में सभी जिला अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत पार्टी को मजबूत करने के जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के अथक प्रयास से इंडिया के तहत सभी पार्टी एकजुट हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में जो सांप्रदायिक ताकत है उसे भगाने की जरूरत है।

### सदन को बाधित किए जाने के व्यवहार को जनता माफ नहीं करेगी

# विपक्ष ने अपना फ्लोर टेस्ट खुद कराया : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा लोकसभा का मानसून सत्र बाधित किए जाने, व व्यवधान उत्पन्न करने को लेकर रांची सांसद संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। इस पत्रकार वार्ता में सांसद श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा का मानसून सत्र 20 दिनों का बुलाया गया था। यह 20 दिन इसलिए ताकि देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सके। सांसद अपने अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष रख सके। कई महत्वपूर्ण बिल विधेयक पास हो सके परंतु कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा सदन को बाधित करने का जो कुत्सित कार्य किया गया, यह लोकतंत्र में अक्षम्य अपराध है। भले ही वह सदन से माफी मांग ले परंतु इस देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी क्योंकि जब सदन चलता है तो



उसके एक - एक मिनट का महत्व होता है। विधेयक पास होते हैं। कई मुद्दों पर चर्चा होती है परंतु विपक्ष ने ऐसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया, जैसे उन्हें सदन से कोई मतलब ही नहीं। भ्रामक और दुष्प्रचार करते रहे। इस वजह से चार संसद सदस्यों को निलंबित भी किया गया, बावजूद इसके इनकी हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। मणिपुर के जिस मुद्दे को लेकर यह लोग चर्चा की मांग कर रहे थे, संसद शुरूआत होने के साथ ही माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी ने इस पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली थी। और यह भी कहा था कि जितनी लंबा चाहे चर्चा कर सकते हैं। कोई समस्या नहीं है। बावजूद इसके विपक्षी सदस्यों के द्वारा हंगामा जारी रखा गया। यहां तक कि जब गृहमंत्री भी इस मुद्दे पर सदन में अपनी बात रख रहे थे, सभी सदस्यों ने सदन को बाधित किया। अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए। सारा सच जानने के बावजूद आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनके अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार किया। और सदन में ढाई घंटे तक बोलते रहे। वहां भी दुर्भाग्य था, लोगों को प्रधानमंत्री को सुनना भी उचित नहीं लगा। इस देश के विपक्षियों का यही आचरण है। दरअसल जो अविश्वास प्रस्ताव और फ्लोर टेस्ट विपक्षी दल कर रहे थे, वह फ्लोर टेस्ट मोदी सरकार का नहीं था। वह फ्लोर टेस्ट विपक्ष का था। इससे पहले ही कागज कलम, बैट बॉल सब कुछ छोड़ कर विपक्षी मैदान से भाग गए।

## दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, परियोजनाओं पर अमल की मांग की

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को पत्र लिखा। रांची जिला अंतर्गत सिल्ली के पास प्रस्तावित हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय परियोजना पर कार्य प्रारंभ करने की मांग की। पत्र में लिखा है कि हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय योजना के सर्वेक्षण और डीपीआर के निर्माण के लिए कंसलटेंट का कार्य 10 वर्ष पूर्व ही आवंटित किया गया था। उसका भुगतान भी हो चुका है लेकिन योजना का निर्माण अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है। प्रकाश ने जनमानस को ध्यान में रखते हुए हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय योजना का कार्य निर्माण के लिए शीघ्रातिशीघ्र यथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस हाइडल पावर प्रोजेक्ट राढ़ू जलाशय के बन जाने से लोगों को सस्ती दर में बिजली, सिंचाई की सुविधा के साथ साथ लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।

# आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री नवंबर में आएंगे रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री नवंबर में रांची आएंगे। झारखंड के संन्यासी बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री का नवम्बर माह में रांची के प्रभात तारा मैदान में हनुमत कथा का आयोजन किया जाएगा। राजीव ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस कथा में अर्जी स्वीकार्य होने पर महाराज से लोग स्वयं समाधान ले सकेंगे। इस हनुमंत कथा के कार्यक्रम में जुड़ने और यजमान बनने के लिए सभी 9263854901/02/03/ 04/05 से सम्पर्क किया जा सकता है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सचिव भवानी कुमार, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर, शंकर तिवारी, सूरज कुमार, संदीप दुबे, दीवाकर कुमार, रोहित मिश्रा, धीरज कुमार, संदीप मिश्रा भैरव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड हाई कोर्ट में पेश हुए एसीबी के एसपी कोर्ट ने चार सप्ताह में मांगा शपथ पत्र



**रांची।** मैनहर्ट घोटाला मामले में गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के एसपी झारखंड हाई कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में अब तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नहीं आने एवं एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर विधायक सरयू राय की ओर से दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई। एसीबी के एसपी ने जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्ट ने एसीबी के एसपी को चार सप्ताह में प्रारंभिक जांच के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान एसीबी एसपी ने कोर्ट को बताया कि मैनहर्ट को टेंडर देने के संदर्भ में मंत्रिपरिषद से अप्रूवल मिला था, ऐसे में प्रारंभिक जांच की कार्रवाई आगे जारी रखने या ना रखने के संबंध में विधि विभाग से मंतव्य मांगा गया है। गुरुवार को जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर निर्धारित की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार एवं दीपांकर ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार द्वारा अस्पष्ट सीलबंद रिपोर्ट दाखिल करने पर एसीबी के एसपी को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि दिसंबर, 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी, लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस बारे में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगी गई है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास एक साल से अधिक समय तक लंबित है। अगस्त, 2022 में ही एसीबी ने सरकार से लीगल ओपिनियन मांगी थी, लेकिन अब तक उस पर कुछ नहीं हुआ है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मैनहर्ट मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी, लेकिन रिपोर्ट अस्पष्ट थी।

## ओबीसी मंच का 20 को वार्षिक सम्मेलन



**रांची।** ओबीसी आरक्षण मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन आगामी 20 अगस्त को धुर्वा के पुराना विधान सभागार में आयोजित किया गया है। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने गुरुवार को बताया कि एकीकृत बिहार से 15 नवंबर 2000 को झारखंड नव निर्माण के बाद मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरक्षण में कटौती कर ओबीसी का 27 प्रतिशत से 14 एवं अनुसूचित जाति का 14 से घटाकर 10 फीसदी कर जनहित में अत्यंत ही अहितकारी निर्णय किया था, जिस कारण बहुसंख्यक वर्ग को आज तक नौकरी एवं रोजगार में बड़े पैमाने पर खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

## रिश्वत मामले में राष्ट्रीय बचत कार्यालय के पूर्व बड़ा बाबू को डेढ़ साल की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने 13 साल पुराने रिश्वत मामले के आरोपी राष्ट्रीय बचत कार्यालय के तत्कालीन बड़ा बाबू सुरेंद्र प्रसाद (70 वर्ष) को दोषी पाकर डेढ़ साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 12 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी। अभियुक्त कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय बचत कार्यालय में फरवरी 2010 में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे। एसीबी की टीम ने 25 फरवरी 2010 को सुरेंद्र प्रसाद को दो हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उन पर पुरुषोत्तम सिंह से पोस्ट ऑफिस से निर्गत होनेवाले एनएसी, केवीपी व आरडी का लाइसेंस जारी करने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप था। मामले में सुनवाई के दौरान एसीबी के विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने अदालत के समक्ष 10 गवाहों को प्रस्तुत किया था।

### सर्कुलर रोड के सरकारी सर्किट हाउस में लगी आग

# काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सर्कुलर रोड स्थित सर्किट हाउस में आग लग गई थी। यह आग सर्किट हाउस के ग्राउंड फ्लोर के कमरा नंबर 112 में लगी। आग लगने की वजह कमरे में लगे टीवी के शॉकेट के पास हुई शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। हालांकि यह पुख्ता नहीं है कि शॉर्ट सर्किट यहीं हुई थी। आग लगने की वजह से वहां कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया था। आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गयी। अब आग पर काबू पा लिया गया है। लालपुर थाना के सर्कुलर रोड स्थित सर्किट हाउस में दोपहर आग लगी। यहां कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि आग लगने की जानकारी पदाधिकारियों



को दी गयी। इसके बाद यहां लगे फायर सेफ्टी गैस की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गयी। वहीं फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी गयी। आड्रे हाउस से आए फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। बताया जा रहा है कि अगजनी के दौरान पूरे सर्किट हाउस में केवल एक गेस्ट थे, वो ऊपर वाले कमरे में थे। आग लगने पर हड़बड़ी में बाहर निकलने के लिए खिड़की का शीशा तोड़ने के दौरान वो घायल हुए। आग ग्राउंड फ्लोर के कमरा नंबर 112 में लगी। गेस्ट हाउस में डेकोरेशन का काम लकड़ी का किया गया है, इस वजह से आग काफी तेजी फैल गया। इस दौरान पूरे गेस्ट हाउस परिसर में धुआं भर गया था। आग पर काबू पाने के बाद अब स्थिति सामान्य होता बताया जा रहा है। इस अगजनी में कितनी क्षति हुई है, इसका आकलन करने के बाद ही पता चल पाएगा।

# रांची में सुपरस्टार रजनीकांत ने राज्यपाल से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अचानक सुपरस्टार रजनीकांत की तस्वीर रजरप्पा से वायरल होने लगी। बगैर किसी पूर्व सूचना के अचानक रजनीकांत रांची पहुंचे। रजनीकांत की गुरु परमहंस योगानंद पर गहरी आस्था है। रांची में योगदा सत्संग के कार्यक्रम में शामिल होने वह रांची पहुंचे थे। बताया जाता है कि यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी रजनीकांत बगैर किसी सूचना के रांची आते रहे हैं और योगदा सत्संग के कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। योगदा सत्संग सोसायटी का मुख्यालय रांची भी है। अपनी झारखंड यात्रा में रजनीकांत ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए उनसे मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, अपने मित्र, भारत के



महान अभिनेताओं में से एक तथा एक शानदार इंसान रजनीकांत से मिलकर आह्लादित हूं। राजभवन में उनसे सद्भावना मुलाकात हुई। झारखंड की धरती पर उनका स्वागत है। रजनीकांत की यह यात्रा बेहद गोपनीय रखी गयी थी। राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के बाद रजनीकांत रजरप्पा में स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। साधारण व्यक्ति की तरह पूजा की। जैसे ही आसपास के लोगों को पता चला कि रजनीकांत यहां पहुंचे हैं उनकी एक झलक के लिए लोगों की भीड़ जमा होने लगी। कुछ लोगों ने सेल्फी के लिया आग्राह किया तो रजनीकांत ने तस्वीर भी खिंचवाई। मंदिर के अंदर मौजूद पंडित ने बताया कि मैं देखकर हैरान रह गया हमें पहले से सूचना नहीं थी कि वह आ रहे हैं अचानक वो सामने थे वह किसी सामान्य व्यक्ति की तरह आये पूजा की और चले गये।

# रांची में वायरल फ्लू का हमला रिम्स में उमड़ी मरीजों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रही। रिम्स से मिले आंकड़े के मुताबिक बुधवार को 2403 मरीजों ने ओपीडी व इमरजेंसी में चिकित्सीय सलाह ली। इनमें 1821 नए मरीज, जबकि 582 दोबारा पहुंचे थे। वैसे रोज औसतन 800 मरीज यहां दिखाने पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा मरीजों की संख्या मेडिसिन विभाग के ओपीडी में थी। यहां कुल 343 मरीज पहुंचे। इनमें 279 नए मरीज, जबकि 64 मरीज वैसे थे, जिन्होंने दोबारा परामर्श लिया है। चिकित्सकीय परामर्श के लिए ओपीडी पहुंचे मरीज घंटों तक कतार में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। निर्धारित समय तक सभी मरीजों को चिकित्सकों ने देखा और रोग निदान के लिए परामर्श दिया। स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार




को रिम्स की ओपीडी सेवा बंद थी। जिसके बाद बुधवार को ओपीडी खुलने पर मरीजों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। मेडिसिन विभाग के ओपीडी में आने वाले अधिकांश मरीजों में वायरल फ्लू का लक्षण देखने को मिला। बता दें कि बरसात के मौसम में सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ी है। इनमें काफी संख्या में बच्चे भी हैं। वहीं, स्किन ओपीडी में भी कुल 199 मरीज पहुंचे थे। इनमें 163 नए मरीज, जबकि 36 ऐसे मरीज थे, जिन्होंने दोबारा चिकित्सक से परामर्श लिया।

# राज्य के मुखिया ही नहीं चाहते भला तो कैसे होगा विकास : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र से संकल्प यात्रा शुरू किया। बरहेट की संकल्प सभा में मरांडी ने सोरेन परिवार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही नहीं चाहते भला तो उससे राज्य के भलाई, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार ने नाम बदल बदल कर आदिवासियों की जमीन लूटी है। शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया। हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गए। दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया और बसंत सोरेन बसंत कुमार सोरेन बन गए। ऐसे फ्रॉड से राज्य का विकास कैसे होगा। मरांडी ने कहा कि आज खान खनिज की लीज संथाल परगना और झारखंड के लोगों को नहीं, बल्कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन,



उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, उनके विधायक प्रतिनिधि और प्रेस सलाहकार के नाम आवंटित हो रहे हैं। भाजपा से भी बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। क्या, किसी ने आदिवासी की जमीन लूटी है? मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों का अनाज भी लूट रही है। केंद्र सरकार से भेजे जा रहे प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल गरीबों के घर तक नहीं पहुंच रहे। संथाल परगना के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए मरांडी ने कहा कि आज पूरा संथाल परगना बांग्लादेशी

### बड़ी पहल | बीएयू में मोबाइल न्यूट्री क्लिनिक कैंप का हुआ शुभारंभ

# कुलपति ने हेल्थ सेवा स्थापित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुरे भारत में मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, किडनी एवं अल्जाइमर जैसे गैर संचारी घातक रोगों का प्रसार पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से हुआ है। इन सभी बीमारियों को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचारित नहीं होने की वजह से इन्हें गैर संक्रामक रोग कहा जाता है। इन रोगों के प्रसार का मुख्य कारण तेजी से बदलती जीवन शैली, आहार, व्यवहार एवं आधुनिक तकनीकी पर निर्भरता है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए तो इसके घातक परिणाम का व्यापक असर होगा। उक्त बातें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान विभाग में एक माह के न्यूट्री क्लिनिक कैंप का शुभारंभ करते हुए कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कही। कुलपति ने कहा कि शारीरिक क्रियाकलाप



के लिए जरुरी उर्जा के लिए आहार एवं पेय पदार्थ आवश्यक है। अस्वस्थकारी, दूषित आहार एवं पेय पदार्थ रोगों का कारण बनता है। शुद्ध आहार पर्याप्त मात्रा में सेवन करके गैर संचारी रोगों से बचा जा सकता है। गैर संचारी रोगों से ग्रसित होने की स्थिति में आहार संबंधी चिकित्सीय परामर्श का पालन करना चाहिए। उन्होंने बैचलर ऑफ वोकेशनल (वीवोक) इन ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डायटेटिक्स पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा संचालित न्यूट्री क्लिनिक कैंप की पहल की सराहना की और छात्रों का मनोबल बढाया। कुलपति ने राज्य में कुपोषण की गंभीर समस्या और गैर संचारी रोगों के प्रसार को देखते हुए सामुदायिक विज्ञान विभाग को यथाशीघ्र मोबाइल न्यूट्री क्लिनिक हेल्थ सेवा स्थापित करने का निर्देश दिया। मौके पर वीवोक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों ने कुलपति का वजन, लम्बाई, बीएमआई, उम्र, दैनिक आहार आदि से सबंधित जानकारी प्राप्त की। छात्र दल द्वारा इन जानकारियों का डाटाबेस तैयार कर स्क्रीनिंग किया जायेगा। इसके उपरांत छात्र दल द्वारा आपसी विमर्श के बाद बीएमआई विश्लेषण प्रतिवेदन, व्यक्तिगत पोषण परामर्श और आहार योजना, पोषण मार्गदर्शन और मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचाव का परामर्श उपलब्ध कराया जायेगा। छात्र कुमार उत्कर्ष ने कुलपति को बताया कि लोगों में गैर संचारी रोग दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। बिगड़ते स्वास्थ्य की इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए लोगों को आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक के उद्देश्य से छात्रों द्वारा 16 अगस्त से 15 सितंबर तक न्यूट्री क्लिनिक का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है।

## डीजीपी ने पुलिसकर्मियों का डाटा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) पर पुलिसकर्मियों का डाटा उपलब्ध कराने को कहा है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी,जिले के एसएसपी, एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को पत्र लिखा गया है। लिखे गये पत्र में कहा गया है कि एचआरएमएस पर पुलिसकर्मियों को समय-समय पर विभिन्न बिंदुओं पर डाटा अपलोड किए जाने के लिए पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किया जाता रहा है। वर्तमान में जिला, वाहिनी और इकाई स्तर पर एचआरएमएस पोर्टल पर डाटा अपडेट नहीं होने से इस पोर्टल के डिफरेंट मॉड्यूल का काम नहीं हो पा रहा है। भविष्य में सभी जिला, वाहिनी और इकाई में एचआरएमएस में उपलब्ध डाटा के आधार पर ही पुलिसकर्मियों की प्रोन्नति, एसीपी और एमएसीपी से संबंधित मनोनयन तैयार किया जाये, जिससे पुलिस मुख्यालय स्तर पर इसका मिलान और समीक्षा की जा सके।

## भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# टूर्नामेंट में दर्शकों का उमड़ा जनसैलाब



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच खेला गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मंत्री अध्यक्ष एनोस एक्का तोरपा विधानसभा के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन , अशोक भगत जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग,जीप सदस्य बेरजो कांडूलना ,बीडीओ,प्रखंड प्रमुख कई लोग मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत समिति के द्वारा किया गया ।झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आप जिस प्रकार जाति धर्म से ऊपर उठकर इस प्रकार के आयोजन में अपने एकजुटता का परिचय देते हैं और इतने बड़े आयोजन को सफल बना सकते हैं तो आप सभी से अपील है इसी प्रकार राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर एक बार एकजुटता का परिचय दें और पूर्व के झारखंड पार्टी के रहे विधायक की तरह एक बार और मौका दें मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि अगर हमारी पार्टी जगह पर आती हैं तो हमारा पहला काम इस खेल के मैदान को आधुनिक स्टेडियम के रूप में बदलने का होगा यहां हर वह सुविधा होगा जो आज के आधुनिक स्टेडियम में होती है हर प्रकार की सुविधा होगी खेल प्रेमी को बैठने की व्यवस्था होगी। पूर्व विधायक पौलुस सुरीन ने कहा कि हमारे इच्छा थी कि हम जब तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधि रहेंगे इस क्षेत्र को खेल के क्षेत्र में काफी आगे लेकर जाएंगे और इसी सोच के साथ इस प्रतियोगिता का प्रारंभ कराया था हमें खुशी है कि आप मेरे द्वारा प्रारंभ इस प्रतियोगिता को आगे लेकर जा रहे हैं मुकाबले में बी टेन फुटबॉल क्लब बानो एवम रेड स्ट्रोम बानो के बीच खेला गया जिसमें बिटेन की जीत हुई।

## जामपानी में वज्रपात से एक युवक घायल

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत जोराम पंचायत के जामपानी कठरटोली में गुरुवार की सुबह 10 बजे जोरदार बज्रपात हुई। उस समय रितेश सोरेंग , पिता क्लेमेंट सोरेंग घर के बाहर थे। आसमानी बज्रपात के कारण डर से जैसे ही घर घुस रहा था दोबारा बज्रपात हुई झटका लगा और मूर्छित हो गया। आनन-फानन में घरवाले इनको गोबर से लेप लगा दिए एवं बेहतर इलाज के लिए जोराम मुखिया प्रीतम कंडुलना के सहयोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश टोप्पो की अगुवाई में रेफरल अस्पताल लाया गया। हालत स्थिर बताई जा रही है, जैसे ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को सूचना मिली ,वह तुरंत घायल से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं अस्पताल प्रबंधन से अच्छी तरह से इलाज करने का निर्देश दिया।

## स्वतंत्रता दिवस पर जलडेगा बीआरसी कार्यालय बंद होने पर डीईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन जलडेगा बीआरसी कार्यालय पूर्ण रूप से बंद रहने और कार्यालय में झंडोत्तोलन नहीं होने की खबर प्रकाशित होने के बाद मामला को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बीआरसी के बीईईओ, बीपीओ और कर्मियों को इस संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी कर बीआरसी के पदाधिकारियों/कर्मियों को लिखा है की स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने कार्यालय में ध्वजारोहण नहीं करना गंभीर अपराध है। आप सभी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण नहीं करना अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं उदंडता को दशार्ता है। वहीं अपने अपने स्पष्टीकरण पर किसी ने कहा सिमडेगा से समय पर आवागमन साधन नहीं नहीं मिलने पर बिलंब हुआ, तो किसी ने बीडीओ द्वारा ध्वजारोहण समय सारणी में बीआरसी का नाम नहीं देने को कारण बताया। किसी को आई फ्लू हुआ तो किसी ने मिडिल स्कूल जलडेगा में सामूहिक रूप से झंडोतोलन होने की बात कही। तोवहीं बीपीओ ने अपने स्पष्टीकरण में लिखा है की अगले बार से बीआरसी कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया जायेगा। जानकारी के अनुसार बीआरसी कार्यालय में तत्कालीन बीईईओ बच्चू प्रसाद रजक ने अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय पर्व में ध्वजारोहण करने की शुरूवात किया था। लेकिन वर्तमान में बीआरसी के पदाधिकारी/कर्मी अपने स्पष्टीकरण में पहले से ही झंडोतोलन नहीं करने की परंपरा को लिखकर अपना बचाव कर रहे हैं।

## कल वेदव्यास त्रिवेणी संगम से सरना मंदिर तक निकलेगी भव्य कांवर यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** श्रावण माह के मौके पर सिमडेगा कांवरिया संघ के द्वारा वेदव्यास त्रिवेणी संगम ओडिशा से सरना मंदिर सलडेगा तक भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। कावड़ यात्रा 19 अगस्त दिन शनिवार से 21 अगस्त दिन सोमवार तक चलेगी। संघ के सदस्यों ने बताया कि 19 अगस्त दिन शनिवार को सुबह 8 बजे से लोग आनंद भवन धर्मशाला के समक्ष जुटेंगे। जहां से विभिन्न वाहनों के माध्यम से सभी कांवरिया ओडिशा वेदव्यास के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वेदव्यास से पवित्र त्रिवेणी संगम से जल उठाकर 75 किलोमीटर की कावड़ यात्रा शुरू करेंगे। कावड़ यात्रा के क्रम में पूरे रास्ते भर कांवरियों के भोजन, पानी, जलपान, रात्रि विश्राम आदि की व्यवस्था की गई है। कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए जिले के सभी शिव भक्तों को आमंत्रित किया गया है ।कावड़ यात्रा के क्रम में 20 अगस्त दिन रविवार की शाम को कावडियो का दल टुकु पानी मैरिज हॉल स्थित विश्राम स्थल पहुंचेगा। जहां पर उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए कलाकारों के द्वारा शिव तांडव नृत्य, अघोरी नृत्य,भस्म आरती आदि की प्रस्तुति की जाएगी। इसके अलावा कोलकाता से आए जूनियर रघुवंशी मशहूर तथा धनबाद से ज्योति कुमारी एवं ग्रुप के द्वारा भजनों की धुन पर रात भर झुमाया जायेगा। इधर सिमडेगा कांवरिया संघ लगातार आयोजन को सफल बनाने के लिए लगे हुए हैं। पहली बार इस प्रकार का आयोजन हो रहा है जब कंवर यात्रा में बड़े-बड़े नामचीन कलाकार एवं अघोरी शिव तांडव का चित्रण किया जाएगा सिमडेगा जिले के सभी प्रखंडों से शिव भक्तों को आमंत्रित किया है।

## बारिश की वजह से लकड़ी पुल टूटा ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन पर बिताया रात





**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड में लगातार बारिश होने से जल स्तर अचानक बढ़ गया। ग्रामीणों द्वारा बनाई गई लकड़ी पुल भी जलस्तर बढ़ने से बह गया।बुधवार को बरबेडा के दर्जन भर ग्रामीण अपने अपने कामो से महाबुवांग आये थे। कुछ लोग ग्राम एल्ला में चल रहे हॉकी मैच देख कर जब शाम को घर लौटने लगे तो पाया कि बेलकोना गहरा नाला में बरसाती पानी उफान पर है। लकड़ी पुल भी टूट गई हैं।झमाझम बारिश के बीच अंधेरी रात में मोबाईल की लाइट के सहारे खड़े रहे। घण्टों बाद भो बारिश कम नही हुई तो पुनः वापस चार किलोमीटर दूर महाबुवांग स्टेशन जा कर रात्रि बिताए। सुबह भी बारिश के कारण नाला के उस पार जाना सम्भव नहीं था। जानकारी मिलने पर महाबुवांग थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता गांव जाकर स्थिति का जायजा लिया आज बिकास की बात मुखिया से लेकर उच्च अधिकारियों का मुख्य कार्य है पर आखिर बरबेडा तक बिकास कब पहुचेगी ।जंगलो केबीच बसा गांव के ग्रामीण आज भी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहने को तो हर माह पंचायत में ग्राम सभा की बैठक होती हैं पर इस गाँव के लिये पुल चयन नही हो सका।रेल लाइन के किनारे से बनी पगडंडियों के सहारे लोग आना जाना करते है।

## फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के ग्राम जेंजरा कानी पंचायत चाड़रीमुण्डा निवासी फरार वारंटी हिरन राणा पिता बिल्टा राणा के घर पर कुरडेग पुलिस ने डुगडुगी बजा कर इशिहार चिपकाया फरार अभियुक्त अल्ळव थाना सिमडेगा काण्ड संख्या 35/15 का अभियुक्त है फरार अभियुक्त को 30 दिन का समय माननिय न्यायालय में आत्म समर्पण का समय दिया गया है आत्म समर्पण नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इश्तेहार घर के अलावे सार्वजनिक स्थानो पर चिपकाया गया है ।इश्तेहार चिपकाने में एस आई ताराचन्द पासवान , पंचायत के मुखिया एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनमानी : सरकारी हैंडपंप में मोटर डालकर किया कब्जा, गांव वाले परेशान

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के टीनगिना पंचायत अंतर्गत खड़िया टोली पीयोसोकरा स्कूल के पास में विलियम केरकेट्टा द्वारा सरकारी सार्वजनिक हैंडपंप पर सबमर्सिबल पंप डालकर अवैध कब्जा करने का आरोप है। हैंडपंप पर कब्जा किए जाने पर इस बरसात में ग्रामीण शुद्ध पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की समस्या ना हो इसे निजात दिलाने के लिए सरकारी हैंड पंप लगाया गया था। लेकिन गांव के विलियम केरकेट्टा नाम के व्यक्ति ने सरकारी हैंडपंप को अपने कब्जे में लेकर सबमर्सिबल डालकर हैंडपंप पर अधिकार बना लिया है। इस समय बरसात का मौसम है, ऐसे में गांव के लोग कुंवा का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। सरकारी हैंडपंप पर मोटर डालने के बाद नल का चेन को भी खोल देने से लोगों की समस्या और बढ़ गई है।

## वज्रपात से युवक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**जलडेगा।** ओड़गा ओपी क्षेत्र के केलुगा गिरजा टोली में आसमानी बिजली के चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवती घायल हो गई।घटना 4 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार केलुगा गिरजाटोली निवासी अगुस्तुस लुगुन पिता बोआस लुगुन उम्र लगभग 24 वर्ष अपने घर के आंगन में स्थित इमली के पेड़ के नीचे था तभी बारिश के बीच अचानक तेज आवाज के साथ वज्रपात हुई जिसमें अगुस्तुस गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि घर के दरवाजे पर मौजूद अमीषा लुगुन पिता दोमनिक लुगुन 18 वर्षीय युवती भी आंशिक रूप से घायल हो गई। आनन फानन में दोनों को जलडेगा अस्पताल लाया गया जहां आयुष डॉ बिनोद उरांव ने अगुस्तुस लुगुन को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल अमीषा का ईलाज किया गया।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने किया गांवों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने गुरुवार को बहरागोड़ा प्रखंडस्थित गमारिया, नेतड़ा तथा कुलिया गांव का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए. लोगों ने डॉ गोस्वामी से कहा कि धान क्रय केन्द्रों में धान बिक्री किए हुए छह महीने बीतने के बाद भी किसानों को धान की राशि प्राप्त नहीं हुई है. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को घर नहीं मिल रहा हैं. कई लोगों ने डॉ गोस्वामी को बताया कि वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन का नियमित भुगतान नहीं होने से रोजमर्रा की जिंदगी में काफी परेशानी हो रही है. मीणों की बात सुनकर डॉ गोस्वामी ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. सन्-2018 के फसल बीमा योजना के राशि का भुगतान अबतक किसानों को नहीं हुआ है तथा सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है. विकास की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है. सत्तारूढ़ दल के नेताओं तथा पदाधिकारियों के गठजोड़ से राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की धड़ल्ले से लूट खसोट जारी है. गांवों के दौरे के दौरान बड़शोल मंडल अध्यक्ष आशीष महापात्रा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीवत्स घोष, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मानिक दास, अशोक सोम, अशोक सेन, राज महापात्रा, लिटू आईच, शिबु सांतरा, कालीपद बारीक, यादव पात्र, शत्रुघ्न दुली, अनिरुद्ध महापात्रा, शंकर दत्ता, गणेश मुंडा, गुरूचरण मुंडा, उपमुखिया पुतुल मुंडा, आशीष कुमार सोम, प्रह्लाद चन्द्र सोम, मानिक लाल सोम एवं मुक्ति पद सोम सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

## डुमरिया : आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने की खुदकुशी

**गिरिडीह।** डुमरिया थाना क्षेत्र के पाथरासाई टोला डेराकोचा के दिव्यांग युवक बसंत महतो (20) ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई. परिजनों ने तत्काल घर के पीछे स्थित खिड़की की दिवार को तोड़ा और कमरे में दाखिल हुए तो बसंत को फंदे से लटका हुआ पाया. इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी. मौकेपर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. थाना प्रभारी संजीवन उरांव ने बताया कि युवक आर्थिक तंगी से परेशानी था. परिजनों ने भी आर्थिक तंगी के कारण खुदकुशी किए जाने का अंदेशा जताया है.

## बिजली मिस्त्री हत्याकांड में तीन गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गिरिडीह के धनवार थाना की पुलिस ने बिजली मिस्त्री प्रकाश कसेरा हत्याकांड का खुलासा करते हुए घटना के दूसरे दिन 17 अगस्त गुरुवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. मामला आपसी रंजिश से ही जुड़ा हुआ निकला. यह जानकारी एसडीपीओ मुकेश महतो व थाना प्रभारी पीकू प्रसाद ने प्रेसवार्ता में दी. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में देवरी के रानीडीह का पुनीत कुमार राय, धनवार के माशनोडीह का कुंदन सिंह और उपरेली निवासी सुजीत चौधरी शामिल है. उनके पास से एक चाकू के साथ दो बाइक और आरोपी पुनीत और सुजीत का खून लगा हुआ कपड़ा बरामद किया गया हैं. एसडीपीओ ने बताया की हत्या के बाद तीनो आरोपी गिरिडीह फरार हो गए थे. कुंदन सिंह और सुजीत चौधरी को गिरिडीह के एक किराए के मकान से दबोचा गया. उनकी निशानदेही पर पुनीत को पकड़ा गया. उन्होंने बताया की कुंदन और सुजीत ने घटना के समय बिजली मिस्त्री प्रकाश को पकड़े रखा, जबकि पुनीत ने धारदार चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी.

**जेल अदालत** — मंडल कारा कोडरमा में विधिक जागरुकता शिविर

# सकारात्मक सोच पैदा करें बंदी : सीजेएम




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गुरुवार को मंडल कारा, कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि सीजेएम वैशाली श्रीवास्तव ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने मन से नकारात्मक सोच हटा कर सकारात्मक सोच पैदा करें. उन्होंने कहा कि अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों. सीजेएम ने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं. वहीं, डालसा के सचिव अभिषेक प्रसाद ने कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारामुक्त हो सकते हैं, बशर्ते वह अपराध बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध नहीं हो. उन्होंने प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर भी जानकारी दी. शिविर को एलएडीसीएस अधिवक्ता किरण कुमारी, राजेंद्र मंडल व अश्विनी शरण ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर आयोजित जेल अदालत में सीजेएम के न्यायालय में लंबित तिलैया थाना में दर्ज कांड के अभियुक्त आरिफ रजा के स्वीकारोक्ति बयान पर दो माह का कारावास व 5000 रुपये जुमार्ना की सजा करते हुए कारामुक्त कर दिया गया. कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया. मौके पर सहायक जेलर अभिषेक कुमार सिंह, न्यायलयकर्मी राजीव रंजन, संतोष कुमार सिंह, लाल बाबू, जेल कर्मी मो. मोइन उद्दीन, राजीव कुमार आदि मौजूद थे.

## बेंगाबाद के कृषि विज्ञान केंद्र पहुंची जर्मनी की टीम, करेगी शोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद के दोरहैया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में 17 अगस्त गुरुवार को जर्मनी के कृषि वैज्ञानिकों की टीम पहुंची. टीम ने यहां की जलवायु व भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली और केंद्र के हेड वैज्ञानिक डॉ पंकज सेठ से अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की. डॉ पंकज सेठ ने बताया कि प्राकृतिक और समेकित खेती की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जर्मनी की टीम आई है. टीम यहां के कृषि विशेषज्ञों के साथ मिलकर कृषि के विकास पर शोध करेगी. इसके जरिए पशुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा. टीम यहां की जलवायु के अनुसार मोटे अनाजों का उत्पादन, फूलों की खेती, उद्यानिकी, फसल विविधिकरण समेत अन्य विषयों पर शोध करेगी. उन्होंने बताया कि जर्मनी के शोधकर्ता यहां आएंगे और यहां के जलवायु के अनुरूप कृषि कार्य व अन्य क्षेत्रों में शोध करेंगे. वहीं यहां के वैज्ञानिक भी जर्मनी जाएंगे और नई तकनीक से कृषि के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर जानकारी प्राप्त करेंगे. मौके पर जर्मनी के कृषि वैज्ञानिक स्टेफनी ग्रेइएबेल, निकोलस ब्रेयुगेमन, होनो मुलेर, संचालित मुखोपाध्याय, संजीव डे, गगन मेहता, अभिव्यक्ति फाउंडेशन के सचिव कृष्णकांत प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार, मधुकर कुमार, मनोज कुमार, युगल भारती, भीम सिंह आदि उपस्थित थे.

## अमन चैन की कामना के साथ एक हजार कांवड़ियों को मंत्री ने किया बोल बम रवाना, कहा-तीर्थ यात्रा का सपना किसी का नहीं रहेगा अधूरा

# कोई भी कार्य राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, सेवा भावना से करता हूं : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से गुरुवार को 20 लग्जरी बसों में लगभग एक हजार कांवड़ियों को बोल बम के लिए रवाना किया गया। करीब एक सप्ताह की इस यात्रा में कांवड़ियों को बैजनाथ धाम, बासुकीनाथ व रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। विभिन्न प्रखंडों के कांवड़ियों के लिए अलग-अलग बस की व्यवस्था की गई है।

इससे पूर्व मंत्री के गढ़वा स्थित आवास पर सभी कांवड़ियों को भोजन कराया गया। उसके बाद वहां से बाजे गाजे के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई। ज्ञात हो कि ठाकुर प्रति वर्ष कावड़ियों को बोलबम भेजते हैं। मौके पर मंत्री ने कहा कि वे कोई भी काम रानीतिक लाभ के लिए या राजनीतिक भावना से नहीं बल्कि सेवा भावना से करते हैं। जो भी व्यक्ति सच्ची भावना से कार्य करता है, हमेशा उसे भगवान भोलेनाथ एवं माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान ने उन्हें इतनी शक्ति प्रदान की है कि वे भगवान के भक्तों की हमेशा सेवा कर सकते हैं। उन्होंने सभी कांवड़ियों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि वे भगवान भोलेनाथ से यह कामना जरूर करें कि मैं अंतिम सांस तक गढ़वा एवं गढ़वा वासियों की सेवा कर सकूं। मेरे सेवा कार्य में हमेशा निरंतरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि मानव से प्रेम करना है सबसे बड़ी पूजा एवं सबसे बड़ा धर्म है। आज बाबा धाम जाने वाले सभी हिंदू भाई हैं लेकिन इनकी सेवा में यहां काफी संख्या में मुस्लिम भाई भी बढ़ चढ़ कर लगे हुए हैं। यही हमारे भारत की गंगा जमुनी तहजीब की पहचान है। भगवान भोलेनाथ हमेशा आपसी भाईचारा, एकता एवं भावना बनाये रखें। उन्होंने कहा कि इस सावन के पवित्र महीने में जो लोग भी बाबा धाम जाने के इच्छुक हैं उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसी भी व्यक्ति की तीर्थ यात्रा का सपना अधूरा नहीं रहेगा। वे आगे भी इस तरह से लोगों को बोल बम भेजने की व्यवस्था करते रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनीता दत्त, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, मासूम खान, राजकिशोर यादव, छोटू सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पाल, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मीडिया प्रभारी दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, अराधना सिंह, फुजैल अहमद, संजय चौधरी, नीलू खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**शिव भक्तों के साथ थिरके मंत्री :** शिव भक्तों को बोल बम रवाना करने के दौरान बस स्टैंड में सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायक कुणाल तिवारी ने भक्ति गीत प्रस्तुत की। इस दौरान सभी कांवड़िये भी थिरकते रहे। कांवड़ियों के विशेष आग्रह पर मंत्री भी भोलेनाथ की गीत पर शिव भक्तों के साथ जमकर थिरके। झामुमो के पदाधिकारी व शिव भक्त देर तक भाव विभोर होकर थिरकते रहे।

### चिनियाः 125 कांवड़ियों को देवघर भेजा

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय से गुरुवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बाबा की नगरी देवघर के लिए कांवड़ियों को सुरक्षित दो बसों द्वारा देवघर के लिए रवाना हुए। वहीं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव की नेतृत्व में चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर प्रांगण से सभी 125 कांवड़ियों बम को सुरक्षित दो बसों द्वारा बाबा धाम के लिए रवाना किया गया। मौके पर अरविंद यादव, समाजसेवी मोहम्मद फरीद, झामुमो कार्यकर्ता रमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




## मंत्री ने किया दो विद्युत उपकेंद्रों का उद्घाटन, ओवरलोड व ब्रेकडाउन से मिलेगी निजात

# गोवावल क्षेत्र को मिलेगी निर्बाध बिजली

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जिले के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत तिलदाग एवं कुंडी ग्राम में नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इन दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र के बन जाने से पूरे गोवावल क्षेत्र में अनवरत विद्युत आपूर्त्ति हो सकेगी। साथ ही फरठिया सब स्टेशन का भी लोड कम हो जाएगा।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जिले के गांव-गांव में निर्बाध बिजली मिल सके इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। ओवरलोड एवं ब्रेकडाउन की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड संपूर्ण बिजली अच्छादन योजना, चरण - 2 के तहत तिलदाग एवं कुण्डी ग्राम में क्रमशः चार करोड़ व साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण कराया गया है। इसके प्रारंभ होने से 11 केवी लाईन की लंबाई कम हो जाएगी। फलस्वरूप किसी भी तरह का फॉल्ट होने पर उसे शीघ्र ठीक कर लिया जायेगा। वर्त्तमान में फरठिया सबस्टेशन से इन क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति की जा रही थी। फिडर की लंबाई 30 किमी होने एवं फिडर को ओवरलोड रहने के कारण विद्युत तार का टूटने तथा ब्रेक डाउन होने की आशंका हमेशा बनी रहती थी। अब सभी समस्या दूर होगी एवं निर्बाध बिजली पूर्ति की जा सकेगी। इसके साथ ही भविष्य में बढ़ते विद्युत लोड के लिए नए फिडर का निर्माण करना आसान होगा। साथ ही ग्रामीणों की मांग के अनुसार पावर की उपलब्धता बढ़ेगी। इसके अलावे कृषकों के लिए नए कृषि फिडर का रास्ता आसान होगा। छोटे-छोटे उद्योगों एवं कृषि कार्य के लिए दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र वरदान साबित होंगे। मंत्री ने कहा कि उनके विशेष प्रयास से तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्परता से वर्ष 2020 में ही गढ़वा जिले में बिजली की समस्या दूर करने का उल्लेखनीय कार्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कराया गया। यह गढ़वा जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पहले तो स्थिति यह थी कि गढ़वा जिला में बिजली है कि नहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पता ही नहीं चलता था। यह मेरे ही प्रयास का ही परिणाम है कि गढ़वा जिले में अब 20 से 22 घंटे तक बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला वर्षों से बिजली की कमी की समस्या से जूझता आ रहा है। बिजली की कमी किसी क्षेत्र के पिछड़े होने के प्रमुख कारणों में एक माना जाता है। विगत 70 वर्षों से गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल को उपेक्षित रखा गया था। गढ़वा जिला उत्तर प्रदेश के रिहंद और बिहार के सोननगर पर बिजली आपूर्ति के लिए निर्भर था। मुख्यमंत्री सोरेन जब भी गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के दौरे पर आते थे, बिजली की समस्या का स्वयं अनुभव करते थे। गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करना उनकी एवं मेरी प्राथमिकता सूची में था। जिस दिन हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, मैंने उन्हें बधाई देते हुए सर्वप्रथम गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करने का आग्रह किया था। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में निःशुल्क बिजली योजना शुरू की है, जिसके तहत राज्य के गरीबों और किसानों को बिजली बिल के बोझ को कम करने के लिए हर महीने 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गई है। जो उपभोक्ता 100 यूनिट या उससे कम बिजली की खपत करते हैं, उन्हें किसी तरह का बिल नहीं देना होगा।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि मैं एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि भाई की तरह हमेशा आपके सुख दुख में आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, अनीता दत्त, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नसीम अख्तर, पासवान, फंटूस गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





## मुखिया के फर्जी हस्ताक्षर कर फसल व सूखा राहत योजना का आवेदन किया

**रमना।** टंडवा पंचायत मुखिया संतोष कुमार सिंह ने हाई स्कूल मुख्य सड़क स्थित गुप्ता मोबाईल के संचालक जोगिराल निवासी मनोज कुमार साह व एक अन्य मोबाइल दुकानदार मुन्ना साह पर मुखिया पद का मुहर व हस्ताक्षर के फर्जी तरीके से स्कैन कर सरकारी कार्य में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में संतोष सिंह ने बताया कि फसल राहत योजना, सूखा राहत सहित अन्य सरकारी योजनाओं में स्कैन व मुहर कर फर्जी तरीके से उपयोग किया जा रहा था। उसके बदले ग्रामीण जनता का आर्थिक दोहन किया जा रहा है। आवेदक संतोष सिंह ने कहा की मेरे जानकारी के बगैर हस्ताक्षर और मुहर का गलत प्रयोग किया जा रहा है जो अपराध की श्रेणी में आता है। बताया कि इस क्रम में टंडवा पंचायत के अलावे रमना पंचायत मुखिया दुलारी देवी व बहियार कला मुखिया सावित्री देवी का फर्जी हस्ताक्षर व मुहर का फर्जी आवेदन उक्त दुकान से प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त

### डीलर पर 3 माह का राशन नहीं देने का आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के कधवन ग्राम स्थित भुइयां टोला के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पर तीन माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा राशन दिलाने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि जनवितरण प्रणाली की दुकानदार इसरत बीबी जो महिला स्वयं सहायता समूह से है, इनके द्वारा लाभुकों को विगत तीन माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि तराजू पर ईंट पत्थर रखकर यह कहते हुये अंगूठा लगवाया गया कि अंगूठा लगाइएगा तभी राशन मिलेगा। अंगूठा लगवाने के बाद कहा जा रहा है कि सरकार द्वारा राशन प्राप्त नही हुआ है, जब राशन मिलेगा तो देंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में हजरत अली, नरेश भुइयां, देनु भुइयां, करमी कुंवर,विनीता देवी, हरिहर भुइयां, लालती कुंवर, रीता देवी, राजकुमारी देवी, शम्भू सेठ, पंकज भुइयां, मूरति देवी, मीना देवी, चम्पा देवी, दुलारी कुंवर, बसंती देवी, चिंता देवी, सकीबा बीबी, पनवा देवी, विनोद सेठ, मनता देवी सहित 71 ग्रामीण लाभुकों के नाम शामिल है।

### स्कूली बच्चों के बीच बैग का किया गया वितरण

**खरौंधी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में गुरुवार को झारखंड सरकार की ओर से दिया जाने बैग का मुखिया प्रतिनिधि सतीस राम एवं प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से वितरण किया। विद्यालय के 328 छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से बैग का वितरण किया जा रहा है। इस तरह सभी बच्चों को पुस्तक, छात्रवृत्ति, ज्ञान सेतु की पुस्तकें, ड्रेस के लिए राशि डीबीटी के माध्यम से सभी बच्चों के बैंक खाता में भेज दी जाएगी। मुखिया प्रतिनिधि सतीस राम ने कहा कि पहले सिर्फ निजी स्कूलों में बच्चे बैग लेकर जाते थे, लेकिन सरकार द्वारा आप सभी गरीब बच्चों को निशुल्क बैग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों से कहा की सिर्फ आप सभी को एक काम करना है पढ़ाई। पढ़ाई जिंदगी संवारने का एक मात्र मूल मंत्र है। आप सभी नियमित विद्यालय आएं। छात्राओं ने मुखिया प्रतिनिधि से विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय की समस्या से अवगत कराया। मुखिया प्रतिनिधि ने छात्राओं को आश्वस्त कराया की 15 दिन के अंदर शौचालय एवं जलमीनार विद्यालय में उपलब्ध करा कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, इंद्रमण प्रसाद यादव, मंजूषा गुप्ता, अरविंद राम विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### परसोंखाड़ गांव में करैत सांप ने एक को काटा

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के परसोंखाड़ गांव निवासी रामचंद्र सिंह का पुत्र रमेश सिंह सांप काटने से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि रमेश सिंह अपने घर में चारपायी पर सोया हुआ था। इसी दौरान करैत सांप ने उसके बाएं हाथ में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### 'शराब बनाने व पीने वालों का विरोध करें'

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में भवनाथपुर थाना अंतर्गत सिन्दुरीया पंचायत के झोपड़ी कालोनी में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करते हुए जावा महुआ को नष्ट किया है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने लोगों से अपील की कि शराब का लोग सेवन नही करें और न ही शराब बेचें, शराब पी कर लोग नशे में अपराध जैसे गलत काम करते हैं। शराब से गांव और समाज का विकास नहीं हो सकता और न ही समाज में सुधार हो सकता है। इसलिए सभी लोग शराब बनाने और पीने वालों का विरोध करें। अवैध शराब बिक्री की सूचना पुलिस को दें और इस अभियान में पुलिस को सहयोग करें। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चला कर शराब नष्ट किया जाएगा। आदेश नहीं मानने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में एसआई अभिमन्यु सिंह एवं जवान शामिल थे।

### बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के चितविश्राम बंधवा टोला निवासी झरी साह पुत्र अनुज गुप्ता विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना बुधवार की रात्रि की हैं। जानकारी के मुताबिक अनुज गुप्ता बुधवार की रात्रि में खेत पानी पटा रहे थे। फीता मोड़ते समय बिजली के तार में कटा हुआ था उस दरमियान चपेट आने से मौत हुआ। प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने कहां की शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया गया है परिजन के द्वारा आवेदन देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण : अंसारी

**डंडाई।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास संचालित आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, थाना प्रभारी शाबाज अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन, डंडाई पश्चिमी भाग बीडीसी पति मिथिलेश प्रसाद, पूर्व उपप्रमुख आनंद प्रकाश, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्याम सिंह, जेएमएम कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, 20 सूत्री सदस्य दीनानाथ पांडे, 20 सुत्री सदस्य जफर इकबाल इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सुखमय जीवन के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है चाहे गरीब हैं या धनी शिक्षा सभी के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं थाना प्रभारी ने अभिभावकों को विशेष रूप से शिक्षा के बारे में समझाते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर जीवन के लिए सभी लोग अपने-अपने बाल बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। 20सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आज का दिन पूरी तरह तकनीक का युग हो गया है। जिनके पास शिक्षा नहीं है उनके लिए तकनीक की जानकारी एक पहाड़ के समान है। जिस व्यक्ति के पास शिक्षा है उसके लिए किसी भी तरह की हुनर या काबलियत कोई काम नहीं आता है। मौके पर प्राचार्य सुमंत लाल, देवकी प्रजापति, ज्ञानचंद रवि, सरीफ अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

## विकास को लेकर विधायक ने की ग्रामीणों संग बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के बेला परोरिया कैलाश धाम मंदिर विकास को लेकर गुरुवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे और पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात विधायक ने प्रबंधन समिति व ग्रामीणों साथ मंदिर विकास को लेकर बैठक की। बैठक में सेवानृवित शिक्षक रामचंद्र सिंह ने मंदिर विकास के लिए चहारदीवारी, पूर्व मुखिया शिवशेवक प्रसाद सिंह ने बाजार के लिए शेड समेत अन्य व्यवस्था की मांग की। वहीं विकास की पहल की शुरूआत करते हुए सिमरिया विधायक ने सामुदायिक भवन, बाजार शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही लोगों ने कहा कि कैलाश धाम में महाशिव रात्रि, श्रावण पूर्णिमा के कार्यक्रम की ख्याति दूर-दूर तक फैले इसे लेकर पहल की जायेगी। इस मौके पर भाजपा नेता उज्ज्वल दास, डोमन राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह, राजेंद्र राम, सुरेंद्र सिंह, इटखोरी विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, पूर्व मुखिया सिताराम दांगी, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह, कमलेश कुमार सिंह, मंगलेश कुमार सिंह समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों उपस्थित थे।

## हाथियों ने दो घर किये ध्वस्त, कई की फसल भी रौंदी

### बारियातु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी, वन विभाग उदासीन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीते बुधवार की रात्रि प्रखंड की दो पंचायत फुलसु के मंजुआखाड़ स्थित हेठार टोला व साल्वे के बरनी में हाथियों के झुंड ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की लगी मक्का, धान की फसल को बर्बाद कर दिया, जबकि फुलसु के मतकोमा स्थित हेठार टोला निवासी मजदूर सुरेश गंडू व नरेश गंझु दोनों पिता साधो गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा फस्ल को भी कुचल कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे दोनों मजदूर का लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पीड़ित मजदूरों ने बताया कि बुधवार के मध्य रात्रि हाथियों का झुंड आ धमका और घर को क्षतिग्रस्त करने लगा। आवाज सुनकर हमसभी उठे तो देखा कि हाथियों द्वारा घर ध्वस्त किया जा रहा है। किसी तरह हमसभी ने घर से निकल कर अपनी जान बचायी और गांव वालों को जगाया लेकिन तब तक हाथियों ने हम दोनों के घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व पास में लगी मक्का व धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। गुरुवार सुबह घटना की सुचना उप प्रमुख निशा शाहदेव को दी गयी। इसके बाद उप प्रमुख शाहदेव, समाजसेवी सह कांग्रेस नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, समाजसेवी दीपक गंझु व फॉरेस्ट्र मंगल सिंह सहित कई लोग पीड़ित के घर पहुंचे और दोनों घरों व फसलों का जायजा लिया। वन विभाग अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो की बालूमाथ, बारियातु व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में बीते पांच वर्षों से हाथियों का उत्पात जारी है। खेती के मौसम में कई किसानों की फसल नस्ट कर दी जाती है। वहीं कई किसान फसल भी नहीं लगाते हैं, क्योंकि हाथियों द्वारा क्षति किये जाने पर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है और वन विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीण किसान भुनेश्वर यादव, बिनोद उरांव, मंगर गंझु, रति गंझु, कुलेश्वर भगत, शिला मसोमात, छठु गंझु, दीपु सिन्हा, प्रकाश भुईयां सहित दर्जनों किसानों ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से उचित मुआवजा दिलाने के साथ-साथ टॉर्च की भी मांग की है तथा एक्सपर्ट टीम बुला कर अविलंब हाथियों को क्षेत्र से भगाने की मांग की है।



## धर्म-कर्म | पाल्हे जतपुरा में प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी बोले

# 'बुरी आदतों को सुधारना ही भजन'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि माता देवहुति ने अपने पुत्र भगवान कपिलदेव जी से पूछा कि आत्मोद्धार कैसे हो सकता है। उन्होंने बताया कि आत्मोद्धार का सबसे सरल तथा सहज उपाय यह है कि मन को जगत के साथ-साथ जगदीश में भी जोड़िये। मन को केवल जगदीश में जोड़ना संभव नही है। उसी प्रकार से जगदीश में यदि संबंध जोड़ लेते हैं तो सही मायने में हमें जगत का संबंध पास कर लेगा। जगत का व्यवहार हमें पास कर देगा। अगर जगदीश से संबंध में पास नहीं करते हैं तो व्यवहार से जगत से पास होने के बाद भी फेल माने जाएंगे। इसलिए जगत की व्यवस्था में रहें लेकिन जगदीश से संबध जोड़ कर रहें। कहीं किसी कारण से जाने अनजाने में बुरी आदत जो हो उसको त्याग दीजिए। हरपल, हर क्षण उसके जीवन का कार्य हमारा भजन बन जाएगा। श्रीमद्भागवत महापुराण में बताया गया है कि बंधन और मोक्ष का कारण मन है। यदि जगदीश में फंसा हुआ है तो मोक्ष है। यदि मन कहीं जगत में फंसा हुआ है तो बंधन है। मोक्ष का सरल और सहज साधन मन है। मन को अपने आप में दुनिया से समेट लिए तो ठीक है, यदि मन को दुनिया में लगा दिए तो कहीं न कहीं उलझन में फंसना जरूरी है। सत्य ही नारायण हैं, नारायण ही सत्य हैं। भक्ति को पुष्ट करने के लिए 15 साधन बताया गया है। पहला यम नियमादि का पालन करना. वाणी भी सत्य होना चाहिए, भोजन भी सत्य होना चाहिए, व्यवहार भी सत्य होना चाहिये. हमारी धारणा, ध्यान भी सत होना चाहिए। इसी का नाम सत्य है, क्योंकि नारायण ही सत्य हैं, सत्य ही नारायण हैं। अगर नारायण से हमारा प्रेम नहीं हुआ तो सत्य बोलने पर भी उसका फल प्राप्त नहीं होगा।



## झंडोत्तोलन करने गये 6 छात्र यूपी पहुंचे, लाये गये

**मंगलवार की घटना, सभी बच्चों की बुधवार रात्रि दो बजे सकुशल वापसी पर स्वजनों में हर्ष व्याप्त**

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को सुबह विद्यालय में झंडोतोलन करने के लिए गए लापता 6 छात्र यूपी के सोनतटीय चकरिया से सकुशल वापस घर लाए गए। सभी छात्रों को सकुशल वापसी होने पर स्वजनों में हर्ष व्याप्त है।

स्वजनों को बुधवार रात्रि में लगभग 10 बजे यूपी कोन क्षेत्र के चकरिया में होने की सूचना वहां के लोगों ने दी। स्वजन रात्रि में ही उन्हें लेने चले गए। लगभग दो बजे सभी छात्रों को सकुशल घर ले आए। सकुशल घर वापस लौटे छात्र गुलशन कुमार, निरंजन सिंह, जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार, अमलेश कुमार तरह विकास सिंह ने बताया मंगलवार की सुबह अरंगी से हमलोग टैम्पू से केतार चले गए। केतार से परती (अमवाडीह) होते हुए सोननदी पार कर रोहतास जिला के जदुनाथपुर चले गए। वहां रात होने पर एक स्कूल में रुके। बुधवार की सुबह 5 बजे यात्री बस से रोहतास होते हुए यूपी के रामगढ़ (नगवा) आ गए। वहीं देर शाम तक अमिला धाम पहुंचे। पहाड़ी से नीचे रास्ता भटक कर कोन क्षेत्र के चकरिया आ गए। वहीं रात में एक व्यक्ति हम लोगों को भटकता देख नंबर लेकर घर फोन कर दिया। इसके बाद घर वाले हमलोगों को लेकर रात्रि में ही घर आ गए।

**अच्छे लोगों की भगवान परीक्षा बहुत लेता है, परंतु साथ नहीं छोड़ता, और बुरे लोगों को भगवान बहुत कुछ देता है, मगर साथ नहीं देता।' - अज्ञात**



# महिलाओं की सुरक्षा का सवाल

छत्तीसगढ़ में सदाचारी अभ्यर्थियों को ही सरकारी नौकरी देने की घोषणा की महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में सराहनीय कदम है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व उनकी अस्मिता बनाए रखना सरकारों की और समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में सदाचारी अभ्यर्थियों को ही सरकारी नौकरी देने की घोषणा सराहनीय कदम है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनकी अस्मिता बनाए रखना सरकारों की और समाज की प्राथमिकता है। लेकिन देश और राज्यों की अपराध की स्थिति का अगर अध्ययन किया जाए तो सबसे चिंताजनक और भयावह आंकड़े महिलाओं के प्रति अपराध या घरेलू हिंसा के मिलते हैं। महिलाओं के प्रति सामान्य छेड़छाड़, आपराधिक मनोभाव से पीछा करना जैसे सामान्य अपराधों से लेकर बलात्कार, गैंगरेप और फिर बेहद बर्बरतापूर्ण हत्या कर देने वाली घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। यह समस्या केवल एक राज्य या समाज की नहीं है बल्कि यह समस्या देशभर की है। स्थिति काफी भयावह है, शायद ही किसी दिन के अखबारों के पन्ने ऐसी दिल दहला देने वाली खबरों से वंचित मिलें। सरकार और समाज ऐसी घटनाओं पर चिंतित हैं। महिला सुरक्षा की तमाम योजनाओं के बावजूद ऐसी घटनाओं में कमी नहीं आ रही, बल्कि इसकी बर्बरता बढ़ती जा रही है। कानून भी सख्त होते जा रहे हैं। मीडिया भी सजग होकर इन घटनाओं के खिलाफ मुहिम में अपनी भूमिका निभा रहा है। अदालतों ने भी अपना रवैया सख्त कर लिया है, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। मणिपुर में महिलाओं से दरिंगी का वीडियो वायरल होने के बाद एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनकी अस्मिता बनाए रखना सरकारों की और समाज की प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ ?के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की है कि अब राज्य में महिलाओं, लड़कियों और बच्चियों से बलात्कार, छेड़छाड़ और अन्य अपराध करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकार्ड रखा जाएगा और उनके कैरेक्टर सर्टिफिकेट में भी इसका उल्लेख किया जाएगा। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐलान किया था कि राज्य में महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। राजस्थान सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए नए कानून ला रही है, जिसमें छेड़खानी करने वालों से हिस्ट्रीशीटरों की तरह व्यवहार करने का प्रावधान होगा। जिस तरह से हिस्ट्रीशीटरों की तस्वीरें थानों में लगती हैं उसी तरह महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों की भी तस्वीरें थानों में लगेंगी। इसका अर्थ यही है कि दोनों राज्यों में सदाचारी को ही सरकारी नौकरी मिलेगी। हाल ही में केंद्र सरकार ने भी भारतीय दंड संहिता को बदलने के लिए तीन विधेयक पेश किए हैं। नए कानूनों में बालिकाओं से रेप और यौन उत्पीड़न के आरोपियों को फांसी तक की सजा देने के प्रावधान किए जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकार ने अच्छा कदम उठाया है लेकिन सबसे बड़ा अहम सवाल यह है कि महिलाओं के प्रति अपराध किस तरह से कम किए जाएं। अब सवाल आता है कि क्या महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने में समाज अपनी भूमिका निभाएगा?

**महिला सुरक्षा की तमाम योजनाओं के बावजूद ऐसी घटनाओं में कमी नहीं आ रही, बल्कि इसकी बर्बरता बढ़ती जा रही है। कानून भी सख्त होते जा रहे हैं। मीडिया भी सजग होकर इन घटनाओं के खिलाफ मुहिम में अपनी भूमिका निभा रहा है। अदालतों ने भी अपना रवैया सख्त कर लिया है, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं।**

# भारत सक्षम है मानवता को बल देने में





ललित गर्ग

*विश्व* मानवीय दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है। मानव मूल्यों के छीजते दौर में इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। इस दिवस पर उन लोगों को याद किया जाता है, जिन्होंने मानवीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। इस दिवस को विश्वभर में मानवीय कार्यों एवं मूल्यों को प्रोत्साहन दिये जाने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। इसको मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीडिश प्रस्ताव के आधार पर किया गया। इसके अनुसार किसी आपातकाल की स्थिति में संयुक्त राष्ट्र देशों द्वारा आपस में सहायता के लिए मानवीय आधार पर पहल की जा सकती है। इस दिवस को विशेष रूप से 2003 में संयुक्त राष्ट्र के बगदाद, इराक स्थित मुख्यालय पर हुए हमले की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाना आरंभ किया गया था जो विश्व में मानवीय कार्यों एवं मानव-मूल्यों को प्रेरित करने वाली भावना का जश्न मनाने का भी एक अवसर है। इसका उद्देश्य उन लोगों की पहचान करना है जो दूसरों की मदद करने में विपरीत परिस्थितियों को सामना कर रहे हैं एवं मानवता की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। आज समूची दुनिया में मानवीय चेतना यानी मानवता के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है। मानवतावाद को विकसित करने का मुख्य आधार धर्म है। इसीलिये आज विभिन्न धर्मों की मानवतावादी, बुद्धिवादी और जनवादी परिकल्पनाओं को नकारा नहीं जा सकता और इनके माध्यम से भेद भावों से भरी व्यवस्था पर जोरदार प्रहार किया जा सकता है। धार्मिक विचारधाराएं एवं संगठन आज भी दुःखी, पीड़ित एवं अशान्त मानवता को शान्ति प्रदान कर सकते हैं। ऊँच-नीच, भेदभाव, जातिवाद पर प्रहार करते हुए धर्म ही लोगों के मन में एकता का विकास कर रहा है। विश्व शान्ति एवं परस्पर भाईचारे का वातावरण निर्मित करके कला, साहित्य और संस्कृति के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी भी युग में हो रहे नैतिक पतन को रोककर मानवीय चेतना के ऊध्र्वारोहण के लिए अमानवतावादी दृष्टिकोण का निरसन आवश्यक होता है। सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिये पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख

**आज समूची दुनिया में मानवीय चेतना यानी मानवता के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है।**

**इन दिनों**

का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। मार्टिन लूथर किंग ने इसकी उपयोगिता को उजागर करते हुए कहा कि यह प्यार और स्नेह है, जो हमारी दुनिया और हमारी सभ्यता को बचायेगा। हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि के दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानवता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पायेगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं। हत्या, अपहरण, डकैती, मारपीट, बलात्कार आदि जितनी अमानवीय घटनाएँ होती हैं, उनका संबंध क्रूरता के साथ है। क्रूर व्यक्ति कभी संवेदनशील नहीं हो सकता। संवेदना के अभाव में किसी के सुख-दुख में दूसरे की संभागिता नहीं हो पाती। यह तभी संभव है, जब अपने अनुभव के आईने पर दूसरों के सुख-दुख प्रतिबिम्बित हों। संवेदनशील व्यक्ति द्वारा किसी को दुख पहुँचाने की बात तो दूर, वह उसकी सहज पीड़ा को देखकर ही द्रवित हो जाता है।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा छत्रपति शिवाजी की*

***बाल्यकाल* व प्रारम्भिक जीवन** : 19 फरवरी 1630 को पुणे के एक छोटे से जिले के जुनार शहर के शिवनेरी दुर्ग में शाहजी भोंसले और जीजाबाई दंपत्ति के घर एक पुत्र का जन्म हुआ। माता ने भगवान शिव की परम भक्त होने के कारण बालक को शिवाजी रखा। शाहजी जी भोंसले मराठा सेनापति थे और शिवाजी के जन्म के बाद ही उनकी माता जीजाबाइ का अपनी दूसरी पत्नी के कारण त्याग कर दिया था। इस कारण शिवाजी का पालन-पोषण उनकी माता और अभिभावक दादोजी कोंडदेव के संरक्षण में हुआ। जीजाबाई एक धर्मप्रयाण महिला थीं और उन्होनें बचपन से ही नन्हें शिव को सभी धर्मों का सम्मान करने की शिक्षा दी। उनके गुरु रामदास ने उन्हें एक अच्छा योद्धा बनाने के लिए हर प्रकार के युद्ध कौशल की शिक्षा दी। जीजाबाई का व्यक्तित्त्व आजाद ख्यालों वाला था और वो पूरी तरह से स्त्री अधिकारों के प्रति जागरूक भी थीं। इसके अतिरिक्त मुस्लिम शासकों का भी वो पुरजोर विरोध करतीं थीं। बालक शिवाजी ने उनके इन्हीं गुणों को आत्मसात करते हुए, कम उम्र से ही अपने मालवा साथियों के साथ मिल कर उन्होनें एक बाल सेना का निर्माण भी कर लिया था।

**क्रांतिकारी युवा शिवाजीः** मात्र 15 वर्ष की आयु में शिवाजी ने बीजापुर के मुगल शासक आदिलशाह पर अचानक आक्रमण करके तोरना का किला जीत लिया था। इसी वीरता का प्रदर्शन करते हुए शिवाजी ने चाकन, पुरंदर और सिंघागढ़ किलों पर भी अपना आधिपत्य कर लिया। अपनी सूझबूझ और दूरदर्शिता के बूते पर शिवाजी ने कम से कम युद्ध कौशल का उपयोग करते हुए मात्र 17 वर्ष की आयु में ही चाकन से नीरा तक के भूपति बन गए थे। उनकी उम्र को देखते हुए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है।

*(क्रमशः)*

# लाडली लक्ष्मी से लेकर लाडली बहना तक स्त्री मुस्कराई



प्रमोद भार्गव

*मध्य* प्रदेश से शुरू हुई लाडली लक्ष्मी योजना का कमाल अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। लिंगानुपात के परिप्रेक्ष्य में स्त्री का जो अनुपात घट रहा था, उसमें जनसांख्यिकीय बदलाव देखने में आया है। पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक गिनने में आई है। साथ ही लिंगानुपात 1020 के मुकाबले 1000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के निष्कर्षों से मिली है। स्त्रियों की संख्या 1000 के पार हो रही हैं तो इसका अर्थ है कि भारत आर्थिक प्रगति के साथ-साथ लिंगानुपात में भी विकसित देशों के समूह के बराबर आ रहा है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मध्य-प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली लक्ष्मी योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं रही हैं, जो शैक्षिक व वित्तीय समावेशन, लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से लड़ने में सार्थक रही हैं। इन योजनाओं की सफलता के बाद, इन्हें केंद्र सरकार द्वारा देशभर में लागू किया गया, इसी का परिणाम है कि आज घर-आंगन और देश-प्रदेश में लड़की उन्मुक्त भाव से खिलखिला रही हैं। भविष्य में लाडली बहना योजना भी नारी सशक्तिकरण के सार्थक परिणाम देने वाली है। मध्य-प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में पुत्र जन्म की मनौती के लिए एक लोकोक्ति प्रचलन में है-'लाली तू जा, लाला को ले आ।' मसलन बेटी के जन्म पर प्रार्थना की जाती है कि 'बेटी तू तो जा अर्थात मौत को गले लगा ले और पुत्र के रूप में पुनर्जन्म ले। इस बीज मंत्र का जाप करते हुए नवजात बेटी की जीवन-लीला खत्म कर देने के उपाय रच दिए जाते थे, लेकिन अब इस पूरे अंचल में लड़कियां मुस्कुरा रही हैं। मध्य-प्रदेश शासन की 'लाडली लक्ष्मी योजना' के अस्तित्व में आने के बाद बेटी को आर्थिक सुरक्षा का जो आधार मिला है, उससे कुरीति का रूप ले चुकी मान्यता आमूलचूल बदलाव की स्थिति में है। इन योजनाओं के अमल में आने से भ्रूण हत्या पर अंकुश लगा है। जबकि प्रदेश के 15 जिलों में वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक लिंगानुपात बदतर हालत में था। प्रति एक हजार बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या मुरैना में 822, भिण्ड में 829, ग्वालियर में 848, दतिया में 857, शिवपुरी में 858, छतरपुर में 869, विदिशा में 875, सागर में 884, गुना में 885, टीकमगढ़ में 886, भोपाल में 895, होशांगाबाद में 896, पन्ना में 901, जबलपुर में 908 और श्योपुर में 909 है। मध्य-प्रदेश में वर्ष 1901 में यह अनुपात 990 था, जो वर्ष 1951 तक आते-आते 967 रह गया था। मसलन प्रति एक हजार पुरुषों पर 33 महिलाएं कम थीं, किंतु वर्ष 2001 की जनगणना में यह घट कर 929 रह गया। अब सब जगह यह अनुपात बढ़ कर 930-31 के आसपास हैं। यह वृद्धि अप्रत्याशित कही जा सकती है। पंजाब जिसे तुलनात्मक नजरिए से आर्थिक रूप से समृद्ध और शिक्षित होने के कारण देश का आदर्श राज्य माना जाता है, वहां लिंगानुपात बेहद चिंताजनक था, यहां के फतेहगढ़ साहब जिले में एक हजार बालकों पर मात्र 754 बालिकाएं रह गई थीं। यह देश का ऐसा जिला था, जहां सबसे ज्यादा लिंगानुपात गड़बड़ाया हुआ था, किंतु अब यह अनुपात 900 के करीब पहुंच गया है। देश के दस जिले ऐसे हैं, जहां लिंगानुपात जबरदस्त चिंताजनक स्थिति में है, उनमें सात पंजाब में स्थित हैं। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा और गुजरात हैं। भ्रूण लिंग के विरुद्ध प्री नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीएनडीटी) 1994 कानून क्रियाशील होने के बावजूद भ्रूण लिंग परीक्षण पर अंकुश नहीं लग पाया था। बल्कि विडंबना यह रही कि आज तक इस कानून के तहत एक भी चिकित्सक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। कोख में ही स्त्री भ्रूण को नष्ट करने में ग्रामीण अशिक्षित वर्ग की तुलना में शहरी उच्च शिक्षित वर्ग बड़ी संख्या में संलग्न है।


**पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक गिनने में आई है। साथ ही लिंगानुपात 1020 के मुकाबले 1000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के निष्कर्षों से मिली है।**

**गणना**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# नेपाल में क्यों आये भारतीय रूपयों की उपेक्षा के दिन



यशोदा श्रीवास्तव

*भारत-नेपाल* के सीमावर्ती बाजारों का बुरा हाल है। इसकी दो वजह है। एक, नेपाल की ओर से भारत से खरीदे गये सौ रूपए से अधिक के सामानों पर कस्टम ड्यूटी दूसरा नेपाल में भारतीय रूपयों का अघोषित अवमूल्यन। नेपाल में पहले भारतीय एक रूपए का मूल्य नेपाली एक रूपए साठ पैसे का था,अब भारत के एक रूपए के बदले नेपाली एक रूपए चालीस पैसे तक मिलना मुश्किल है। पूर्व में भारत से बीस हजार तक की खरीदारी पर कोई कस्टम ड्यूटी नहीं थी। रोजमर्रा इस्तेमाल की अधिकांशं वस्तुओं की कीमत नेपाल के बाजारों की अपेक्षा भारत के बाजारों में अपेक्षाकृत कम है। यह बड़ी वजह थी जो नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजार फल-फूल रहे थे। नेपाल के गरीब और सामान्य परिवार के लोग भारत के बने सूती कपड़े ज्यादा पसंद करते हैं। नेपाली महिलाओ की भारत में बने साड़ी या सलवार सूट खास पसंद है। शादी विवाह के लिए जो कपड़े होते हैं वे नेपाल की अपेक्षा भारत में आकर्षक डिजाइन के साथ सस्ते में उपलब्ध रहते हैं। यही वजह है कि नेपाल से सटे भारतीय बाजारों में कपड़े की दुकानों की भरमार है। अब भारत और नेपाल की संपूर्ण 1751 किमी की लंबी सीमा पर भारतीय बाजारों की हालत खराब है। यहां अरबों में नेपाली रूपयों का कारोबार होता था, नेपाल द्वारा कस्टम की वाध्यता से सब चौपट हो रहा है। इन बाजारों में सन्नाटा पसरा है। लोगों का मानना है कि नेपाल के इस सख्ती से नेपाल सीमा एक बार फिर तस्करों के गिरफ्त में आ सकता है। सख्ती के पहले नेपाली ग्राहकों से ये बाजार भरे पड़े रहते थे। चूंकि नेपाली लोग जिन सामानों की खरीदारी करते थे, वे सामान्य उपयोग के होते थे इसलिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसकी बहुत रोका टोकी नहीं होती थी। ऐसा ही मरौव्वत नेपाल के बाजारों से खरीदारी कर लौट रहे भारतीयों के साथ भी होता था। अब स्थितियां बदल गई है। यह दोनों देशों के लिए दुस्कर है। भारत के दूर दराज के शहरों में तो वैसे भी नेपाली मुद्रा नहीं ली जाती थी जबकि नेपाल में कहीं भी भारत के एक रूपए से लेकर पांच सौ हजार रूपए के नोट धड़ल्ले से ले लिए जाते थे। अभी हाल तक दो हजार के नोट भी आसानी से लिए जाते थे। अब नेपाल में एक रूपए भी चला पाना मुश्किल है। कोई दूकान दार यदि भारतीय एक रूपए ले भी लिया तो उसका मूल्य पहले के एक रूपए साठ पैसे की जगह एक रूपए चालीस पैसे पर ही लेता है। सौ,पांच सौ और दो हजार के नोट तो नेपाल में कोई देखना नहीं चाहता। इसका असर नेपाल घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों पर पड़ रहा है। विदेश के नाम पर मध्यम वर्गीय भारतीयों के लिए बिना पासपोर्ट वीजा के नेपाल घूमना आसान है। काठमांडू में पशुपतिनाथ का मंदिर भारतीयों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दूसरे मिजाज के भारतीय लोगों को यहां का डांस बार और केसिनो खूब पसंद है। कैसिनो और डांस बार में भारतीय रूपया बड़े शौक से ग्रहण किया जाता था,अब बिल्कुल मना है। फिर भी यहां भारतीय लोगों अथवा पर्यटकों का जाना कम नहीं है। नेपाल बार्डर पर चोरी छिपे एक धंधा और उत्पन्न हुआ है रूपयों के एक्सचेंज का। यद्यपि कि इसके लिए नेपाल में प्रवेश करते ही नेपाल सरकार के एक्सचेंज काउंटर है लेकिन वहां या तो जानबूझ कर रूपयों का न होना बता कर लोगों को वापस कर दिया जाता है या सचमुच रूपयों का अभाव होता है। ऐसे में जरूरतमंद लोग चोरी छिपे रूपयों का एक्सचेंज करने वाले दलालों के पास जाते हैं जहां उन्हें दस पांच प्रतिशत अधिक के बट्टे का नुकसान सहकर भारतीय रूपयों को बदलना पड़ता है। इस गैरकानूनी धंधे में भारतीय युवक ज्यादा इन्वआल्व है जिनकी अप्रत्यक्ष मदद सीमा पर सुरक्षा में लगे लोग भी करते हैं। इसके लिए उनका कमीशन भी तय रहता है।

**पूर्व में भारत से बीस हजार तक की खरीदारी पर कोई कस्टम ड्यूटी नहीं थी। रोजमर्रा इस्तेमाल की अधिकांश वस्तुओं की कीमत नेपाल के बाजारों की अपेक्षा भारत के बाजारों में अपेक्षाकृत कम है।**

**भारतीय रुपये**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# स्कूल प्रबंधन समिति के सशक्तीकरण के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू

## बीआरपी-सीआरपी को मास्टर्स ट्रेनर के रूप में क्षमता निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिले के डायट सभागार में एसएमसी सशक्तिकरण को लेकर दो दिवसीय मास्टर्स ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता समेत एसएमसी प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी संजय तिवारी,डायट के रंजीत वर्मा,बीआरपी सीआरपी महासंघ अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश, प्रशिक्षक अभय कुमार, अजय नारायण दास, सुनील कुमार पांडेय ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। एसएमसी प्रशिक्षण प्रभाग प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि जिले के 1485 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को सशक्त करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गयी है। जिसमें जिले लगभग 150 बीआरपी सीआरपी प्रशिक्षण में भाग लिए। बीआरपी सीआरपी प्रशिक्षित होकर जिले के 1485 विद्यालय प्रबंधन समिति को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में विद्यालय के स्थिति का आकलन करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति,बाल अधिकार ,विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका और जिम्मेदारी की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में बीआरपी सीआरपी मीडिया प्रभारी पीएन पांडेय, विजय पांडेय, भीम कुमार गौस्वामी, मीनाक्षी कुमारी, रंभा कुमारी, संजय नारायण सिंह, रामकृष्ण पांडेय, कामेश्वर चौधरी, विनोद शर्मा, पंकज चौधरी, जागेश्वर साव, रामचन्द्र प्रसाद यादव, मुकुल कुमार, हेमंत कुमार, श्रीकांत कुमार, भवानी प्रसाद, संतोष गौतम, दयाल प्रसाद, राजेश तिवारी समेत दर्जनों बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे।

## मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत



**रामगढ़।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रजनीकांत गुरुवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। रजरप्पा पहुंचने पर यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना के तत्पश्चात वे थोड़ी देर के लिए स्थानीय सीसीएल वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे। मौके पर उन्होंने कहा मैं अपने फैन के साथ हूं। साथ ही सवाल के जवाब में कहा कि अभिजीत मुहूर्त को लेकर रजरप्पा आए थे। कहा झारखंड आने से बहुत अच्छा लगा. तत्पश्चात अपने काफिले के साथ रांची लौट गए. इससे पूर्व रजनीकांत पूजारी एवं फैन्स को सेल्फी दिया. इस अवसर पर एसपी पीयूष पाण्डेय, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, एसडीओ मो. जावेद हुसैन, जीएम पीएन यादव, थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला कारा समिति की बैठक




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में 17 अगस्त समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने उपकारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## ईडीएस कैंपस में रोजगार मेला का आयोजन



**रामगढ़।** रांची रोड मरार में 17 अगस्त को झारखंड सरकार के झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत ई.डी.एस. कैम्पस में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। आयोजित रोजगार मेला में लगभग 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें पर्ल ग्लोबल, एल एंड टी, एम.के.एम. कम्पनी द्वारा 72 छात्र-छात्राओं को रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार मेला के माध्यम से सरकार का यह उद्देश्य है कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। मुख्य अतिथि धनंजय कुमार पुटूस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की इस प्रकार के आयोजनों से बेरोजगार युवाओं को प्लेसमेंट की चिंता से काफी हद तक राहत मिल जाती है, एवम देश के विभिन्न राज्यो से आए कंपनियों को भी स्किल्ड युवा-युवती आसानी से मिल जाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुशवाहा,अरविंद कुमार,नेहा कुमारी,वरुण क्षेत्री,विदित कुमार,पूजा कुमारी ने योगदान दिया।

# बिजली की आंख मिचौनी से लोग बेहाल, गर्मी से हुआ खस्ताहाल




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीते दो दिनो से बरही सहित आस पास के क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान है. बुधवार को देर रात तक बिजली नही रहने से लोग गर्मी से परेशान रहे. यही स्थिति गुरुवार को भी देखने को मिला. ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था और भी दयनीय है. कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खराब रहने की भी शिकायते मिली है. सेलहरा से बिजली बिल जमा करने आए जगदीश महतो ने बताया कि बिजली आपूर्ति नियमित नही होने से बच्चो की पढ़ाई बाधित हो रहे है. बरसात के कारण बच्चे बाहर भी पढ़ नही पाते है. गृहिणी रीता देवी ने बताया कि घटिया विद्युतापूर्ति से सबसे अधिक परेशान हम गृहिणियां ही होते है. नियमित विद्युतापूर्ति के लिए विभागीय पदाधिकारी को गंभीर होने की आवश्यकता है. सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार ने समस्या का मुख्य करना डीवीसी का लोड शेडिंग बताया है.

## महाधरना कल, शिक्षक संघ ने बरकट्ठा विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, हजारीबाग की ओर से गुरुवार को सरप्लस शिक्षकों और उनके तबादले की तैयार सूची के खिलाफ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से मुलाकात की. संघ ने होनेवाले आंदोलन के संबंध में उनके मटवारी स्थित आवास में उन्हें ज्ञापन सौंपा. मौके पर विधायक ने आश्वस्त किया कि संघ के उठाए गए मुद्दों पर उनका समर्थन मिलेगा. साथ ही 19 अगस्त को महाधरना में शामिल होकर समर्थन देने का आह्वान किया. संघ की ओर से सात सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया है. ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष मो. अतिकुज्जमा ने कहा है कि सरप्लस शिक्षकों की सूची में भारी गड़बड़ी है.

## झुरझुरी में मुखिया व जिप सदस्य की पहल से लगा ट्रांसफार्मर

# क्षेत्र की बिजली, पानी,रोजगार एवं सड़क उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : प्रियंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी,जिप सदस्य कुमकुम देवी एवं प्रेरणा प्रिया ने संयुक्त रूप से झुरझुरी ग्राम व अल्पिटो में 100केवीए और 63केवीए का ट्रांसफॉर्मर को नारियल व फीता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया प्रियंका कुमारी ने कहा कि लगभग दस दिनों से यहाँ के ग्रामीण अंधेरे में रह रहे थे।बच्चे की पढ़ाई लिखाई व धनरोपनी में बिजली अभाव के कारण क्षेत्र के लोग परेशान थे। ग्रामीणों ने मुखिया व जिप सदस्य से बातचीत किया और समस्या से अवगत कराया । वहीं प्रियंका कुमारी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी, रोजगार एवं सड़क उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद प्रतिनिधियों ने मामले पर संज्ञान लिया और उनके अथक प्रयास से बिजली विभाग के जीएम,बरही रेंज के एसडीओ सत्यदेव कुमार व इंजीनयर साहब की पहल पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। उद्घाटन में वार्ड सदस्य गीता देवी, वार्ड सदस्य प्रयाग रविदास, विकास कुमार समाजसेवी,मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव आदि मौजूद थे।

## शिलाड़ीह निवासी केशव पांडेय का रांची में आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह निवासी अजीत पांडेय के पुत्र केशव पांडेय उर्फ गोलू जो रांची में रहकर कार्य करता था, का अचानक निधन हो गया। वहीं शव पहुंचते ही घर में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी यादव पीड़ित परिवार से मिले तथा ढाढस बंधाया। जानकी यादव ने कहा किसी भी प्रकार का कोई भी समस्या हो तो हमसे संपर्क करें। मैं हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा। बताते चलें कि केशव पांडेय होनहार एवं मृदु स्वभाव का युवक था। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। मौके पर पुर्व विधायक जानकी यादव,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, वार्ड सदस्य प्रदीप पांडे, सुरेश पांडेय, श्याम सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुनील पांडेय, राम तीरथ पांडे, बेडोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, तुलसी पांडेय के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, रेफर

**बरही ।** गुरुवार को जीटी रोड स्थित गडलाही मोड़ के समीप एक बाईक सवार जीटी रोड पर दुर्घटना ग्रस्त हो गया. जिसे भाजपा नेता सह दुलमहा के पूर्व पंसस जितेंद्र गिरी के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया. जिसे चिकत्सकों ने प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार बाईक सवार बरकट्ठा से बरही की ओर आ रहा था. कुत्ता बचाने के क्रम में यह घटना हुई. घायल की पहचान राजेंद्र सिंह पिता गोविंद सिंह के रूप में हुई है.

## लगातार हो रहे चोरी से भयभीत है करियातपुर के दुकानदार

# दुकान बंद करने पर मजबूर, लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** पिछले कई महीनों से करियातपुर के अपने दुकान में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से भयभीत है. दुकानदारों ने स्थानीय मुखिया, उपमुखिया और जिप उपाध्यक्ष को सूचित करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी व एसडीपीओ को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है. आवेदन में करियातपुर के विभिन्न स्थलों पर हुई चोरी का जिक्र करते हुए पुलिस से मामले का शीघ्र उद्भेदन का मांग किया गया है. जिसमे शुभम मोबाईल में तीन, भोला हलवाई दुकान दो, गुप्ता मोबाईल एक, रमेश केसरी होटल, अनिल केसरी होटल, जगदीश पंडित होटल, अनिल फल दुकान कई बार, सुखदेव पंडित होटल दस, धनवार के प्रदीप केसरी किराना दुकान एक, हरी कांदू मछली दुकान एक, राहुल प्रजापति पतंजलि दुकान एक, सनराइज एकादेमी और एयरटेल टावर से बैट्री और गणेश साव फर्नीचर दुकान सहित घर से लाखो की चोरी जैसे दर्जनों मामले की चर्चा की गई है. पीड़ित दुकानदार संजय केसरी ने बताया कि इस संबंध ने पुलिस को कई शिनाख्त भी बताए गए परंतु कोई ठोस कारवाई नही होने से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है. उन्होंने यह भी बताया कि सभी चोर स्थानीय है. आए दिन चोरी की वारदातो से स्थानीय दुकानदार भयभीत है और दुकान में समान रखने से डरते है. इस संबध में दुकानदारों ने पुलिस पदाधिकारियों से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया है. आवेदन में रूपा केसरी, सोनू कुमार गुप्ता, जगदीश पंडित, सुरेंद्र पंडित, रमेश प्रसाद केसरी, प्रदीप प्रसाद केसरी, हरिप्रसाद, राहुल प्रजापति, सुरेश प्रसाद गणेश साव, सुधीर कुमार दीपक केसरी आदि दुकानदारों के हस्ताक्षर शामिल है.

## द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन मेला शुरू

**हजारीबाग।** मटवारी गांधी मैदान में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन मेला गुरुवार से शुरू हो गया. यह मेला 23 अगस्त तक चलेगा. हर दिन सुबह आठ और शाम सात बजे महाआरती का आयोजन किया गया. उद्घाटन के पहले सुबह में ब्रह्मकुमारी बहनों ने भव्य शोभायात्रा निकाली. इसमें विश्वविद्यालय की ओर से अध्यात्म से संबंधित ज्ञान बांटी जाएगी. साथ ही 12 ज्योतिर्लिंगों के बारे में जानकारी साझा की जाएगी. शाम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने ब्रह्माकुमारी बहनों की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि लोगों में संस्कार बढ़ाने के लिए इससे बेहतर कदम और कुछ नहीं हो सकता.

# बिजली समस्या को लेकर डीईएसओ से मिले गौतम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी व वरीय इंजीनियर से मुलाकात किया। उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई के लिए बरकट्ठा व चलकुशा में बिजली पोल लगवाने का बात रखी और साथ ही बोनासिंघा, चेचकप्पी और बुच्चई में ट्रांसफार्मर जल जाने से एक माह से अंधेरे में झेल रहे बिजली की समस्या को अवगत करवाया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कल बोनासिंघा में ट्रांसफार्मर लगेगा क्योकि वहां धनरोपनी होने के बाद गाड़ी नही पहुँच पायेगा। उसके बाद अन्य दो जगह पर एक दो दिन में लग जायेगा।मुलाकात के दौरान रंजीत यादव, बलि सिंह,सुधिर मोदी, सुजीत कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बरकट्ठा क्षेत्र में हाथियों का उत्पात

# कई घरों को किया ध्वस्त फसल को पहुंचाया नुकसान







**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत बड़गुडीह, लस्करी, धोबारी, कारीचट्टान में हाथियों ने कई घरों को तोड़ा व फसल नष्ट को किया। वहीं कारी चट्टान में अशोक मरांडी का घर को क्षतिग्रस्त कर दिया ।हाथियों की दहशत से ग्रामीण रातभर रतजगा करते रहे। भारत जकात मांझी परगना महाल के सचिव सह समाजसेवी मनोज मुर्मू ने बताया की कारीचट्टान के अशोक मरांडी का घर हाथी के द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गयाहम है। जिससे ग्रामीणों में काफी भय का माहौल है। वही स्थानीय प्रशासन से पीड़ित ने मुआवजा की मांग की है। हाथियों को भगाने के लिए फॉरेस्ट विभाग की टीम और ग्रामीणों ने मिलकर भगाने का काफी प्रयास किया।

## फागू साव मेमोरियल स्कूल परिसर में पौधा वितरण कार्यक्रम

# 'कोल कंपनियों को भी पौधे लगाने की जरूरत'



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड की बेंगवरी पंचायत स्थित फागू साव मेमोरियल विद्यालय परिसर में गुरुवार को पौधा वितरण सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि एनटीपीसी के एजीएम एसपी गुप्ता, बीजीआर के प्रमुख श्री निवासन, प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमेरिका महतो आदि शामिल हुए. कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय परिसर में आम, शरीफा, नींबू व अमरूद का पेड़ लगाए. सभा को बीजीआर के श्री निवासन ने कहा कि कंपनी कोयला खनन के साथ-साथ सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रही है. कंपनी की ओर से विद्यालय परिसर में चहारदीवारी का निर्माण अपने निजी खर्च पर करेगी. वहीं प्रमुख ने विद्यालय में सहयोग करने का भरोसा दिलाया. केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने संबोधन में कहा कि जिस तरह कोल कंपनियां हमारे क्षेत्र में आ रही हैं और जंगल को काटा जा रहा है, इस तरह कोल कंपनियों को भी पौधे लगाने की जरूरत है. इसके अलावा दर्जनों लोगों के बीच आम, अमरूद, शरीफा, नींबू आदि के पौधों का वितरण किया गया. मौके पर केरेडारी प्रखंड के कई पंचायत से प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे. उप प्रमुख अमेरिका महतो, पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साह, चट्टी बारियातू के मुखिया झरीलाल महतो, अमित कुमार दूबे, तपेश्वर साहू समेत कई लोग उपस्थित थे. साथ ही कोयला खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति केरेडारी के अध्यक्ष दशरथ दूबे, सचिव सुखदेव महतो, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सिराजुद्दीन, मीनू महतो, अवधेश कुमार दूबे, नागेश्वर महतो, वासुदेव प्रजापति, चंद्रजीत वर्मा, फेनु अंसारी, मोहम्मद बसीर, मोहम्मद सिराज, राजेंद्र प्रजापति, राम कृत शाह, पंचायत समिति सदस्य देवनारायण महतो, भुवनेश्वर प्रजापति, रूपलाल महतो, विजय ओझा, गौतम कुमार, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

## ड्रोन डिलीवरी सेवा के लिए शिपरॉकेट का स्काई एयर से समझौता

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट ने गुरुवार को ई-कॉमर्स परिदृश्य में क्रांति लाने और भारत में ड्रोन के माध्यम से शिपमेंट वितरण की क्षमता पेश करने के लिए सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) आधारित ड्रोन डिलीवरी समाधान प्रदाता स्काई एयर के साथ समझौते की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, साझेदारी स्काई एयर के स्वायत्त ड्रोन लॉजिस्टिक्स समाधानों की मदद से शहरी यातायात भीड़ के भीतर तेजी से ऑर्डर पूर्ति को सक्षम बनाती है। यह साझेदारी पांच से अधिक ड्रोन के साथ गुड़गांव में शुरू होगी। शिपरॉकेट के सह-संस्थापक और सीईओ साहिल गोयल ने एक बयान में कहा, एयर के साथ हमारा समझौता उस लक्ष्य को प्राप्त करने और पूरे भारत में भविष्य की प्रगति के लिए ई-कॉमर्स परिदृश्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गुरुग्राम में ड्रोन डिलीवरी सेवाओं की शुरूआत करके, हम ई-कॉमर्स के भविष्य को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

# तेल के बाद डिस्काउंट पर गेहूं भी देगा रूस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में गेहूं की बढ़ती कीमत को रोकने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक देश में गेहूं की सप्लाई बढ़ाने के लिए भारत रूस से डिस्काउंट पर आयात करने पर विचार कर रहा है। देश के कई राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और अगले साल आम चुनाव होंगे। उससे पहले सरकार अनाज की बढ़ती कीमत पर लगाम लगाना चाहती है। जुलाई में गेहूं की कीमत 15 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने कहा कि सरकार प्राइवेट ट्रेड और गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट डील्स के जरिए आयात की सभी संभावनाओं पर विचार कर रही है। इस बारे में सोचसमझकर फैसला लिया जाएगा। भारत ने कई साल से डिप्लोमेटिक डील के जरिए गेहूं का आयात नहीं किया है। इससे पहले भारत ने 2017 में काफी मात्रा में गेहूं का आयात किया था। तब प्राइवेट ट्रेडर्स ने 53 लाख मीट्रिक टन गेहूं विदेश से मंगाया था। पिछले महीने फूड सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने कहा था कि सरकार की रूस से गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है। इस बारे में सरकार ने ईमेल का जवाब नहीं दिया। भारत को केवल 30 से 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की जरूरत है लेकिन रूस से 80 से 90 लाख मीट्रिक टन गेहूं का आयात किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि रूस ने डिस्काउंट पर भारत के गेहूं बेचने का संकेत दिया है। रूस के खाने-पीने की चीजों के एक्सपोर्ट पर कोई पाबंदी नहीं है। भारत रूस से सनफ्लावर ऑयल भी मंगा रहा है और अमेरिकी डॉलर में भुगतान कर रहा है। गेहूं के आयात में भी यह रणनीति अपनाई जा सकती है। मुंबई के एक डीलर ने कहा कि भारत को रूस से 25 से 40 डॉलर प्रति टन का डिस्काउंट मिल सकता है। इससे देश में पहुंचने पर रूस के गेहूं की कीमत स्थानीय कीमत से काफी कम होगी। देश में गेहूं की थोक कीमत में पिछले दो महीने में 10 परसेंट तेजी आई है। अगस्त में यह सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। एक अगस्त के आंकड़ों के मुताबिक सरकारी गोदामों में 2.83 करोड़ टन गेहूं है जो दस साल के औसत से 20 परसेंट कम है। पिछले साल उत्पादन में गिरावट के कारण भारत ने गेहूं के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। इस साल भी उत्पादन सरकार के अनुमान से 10 परसेंट कम रहने का अनुमान है।

## 6 महीने में आने वाले हैं 71 कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली।** इस साल 2023 में आईपीओ मार्केट में बहार देखने को मिल रही है। पहली छमाही बीत चुकी है और कई छोटी-बड़ी कंपनियों ने अपने आईपीओ आए और दूसरी छमाही भी गुलजार रहने वाली है। इन्वेस्टर्स को कमाई के ताबड़तोड़ मौके मिलने वाले हैं, क्योंकि 70 से ज्यादा इश्यू लॉन्च होने की कतार में हैं। इनमें टाटा ग्रुप की कंपनियों का आईपीओ भी लाइन में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तवर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में करीब 71 कंपनियां अपने आईपीओ पेश करने की योजना बना रही हैं। इनके जरिए मार्केट से 1.90 लाख करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी है। प्राइमरी मार्केट पर नजर रखने वाली कंपनी प्राइम डाटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में 31 जुलाई तक 15 कंपनियों ने अपने आईपीओ पेश किए हैं और बाजार से 21,089 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अब दूसरी छमाही में भी निवेशकों को इन्वेस्टमेंट के कई मौके मिलने वाले हैं।

### स्पाइसजेट से सस्ती डील लाई एयर इंडिया

## 1470 रुपये में हवाई यात्रा का मौका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हवाई यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। स्पाइसजेट के बाद टाटा ग्रुप की कंपनी एयर इंडिया भी आपको सस्ते में हवाई यात्रा का मौका दे रही है। कंपनी ने चार दिन की एक खास सेल लॉन्च की है। कंपनी ने घरेलू और इंटरनेशनल रूट नेटवर्क पर 96 घंटे की यह सेल शुरू की है। डोमेस्टिक रूट्स पर एक तरफ की यात्रा का टिकट की कीमत इकॉनमी क्लास के लिए 1470 रुपये से और बिजनस क्लास के लिए 10,130 रुपये से शुरू होगी। साथ ही चुनिंदा इंटरनेशनल रूट्स भी इसी कीमत पर टिकट खरीदी जा सकती है। यह ऑफर एयर इंडिया की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग कराने पर मिलेगा। यह सेल आज से शुरू हो गई है और 20 अगस्त तक चलेगी। यह ऑफर एक सितंबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 तक यात्रा के लिए मान्य है। एयर इंडिया की हाल में टाटा ग्रुप में वापसी हुई है। एयर इंडिया को उसका पुराना सम्मान दिलाने के लिए टाटा ग्रुप ने व्यापक योजना बनाई है। इससे पहले स्पाइसजेट ने भी स्पेशल इनक्रेडिबल इंडिपेंडेंस डे सेल की घोषणा की थी। यह सेल 14 अगस्त से शुरू हुई थी और 20 अगस्त तक चलेगी। इसमें आप 15 अगस्त से लेकर अगले साल 30 मार्च, 2024 तक की अवधि के लिए टिकट बुक करा सकते हैं।

## अमेरिका बंद कर सकता है भारत से रियल डायमंड का इम्पोर्ट




**एजेंसी। मुंबई**

डायमंड बिजनेस का लगभग 95 पर्सेंट से ज्यादा ट्रेड मुंबई में होता है और इन दिनों भारतीय डायमंड बाजार में सुस्ती का माहौल है। ग्लोबल डिमांड में आई कमी से एक्सपोर्ट में आई गिरावट के बाद 30 पर्सेंट तक सस्ते हो गए रियल डायमंड की ट्रेड पर भी अब चिंता के बादल दिखने लगे हैं। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन के घंटे पहले ही कम कर चुकी इंडस्ट्री, क्रिसमस के नए ऑर्डर्स को लेकर भी मंदी का सामना कर रही है।एक ट्रेडर ने नाम नहीं बताए जाने की शर्त पर बताया कि डायमंड के सबसे बड़े खरीदार अमेरिका को यह लगता है कि भारत से अमेरिका आने वाला तैयार माल असल में रूस की अलरोसा से ऑपरेट होता है। ऐसे में कहा जा रहा है कि चूंकि रूस पर वर ने प्रतिबंध लगा रखे हैं, ऐसे में अमेरिका जनवरी से 1 कैरेट से ऊपर के डायमंड का इम्पोर्ट भारत से बंद कर सकता है। यही वजह है कि इस बात पर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से नए ऑर्डर पर ग्रहण लग रहा है। हालांकि, जेम्स ऐंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चैयरमेन विपुल शाह ने बताया कि रूस से आने वाले डायमंड को लेकर आगे क्या होगा, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हां, यह तय है कि वेस्टर्न कंट्री रूस के डायमंड बिजनेस को फाइनैंस नहीं करना चाहते हैं। सरकार के साथ मिलकर इंडस्ट्री इसका बेहतर तरीका निकालने की कोशिश में है।

## इंडिगो की नई दिल्ली-ताशकंद उड़ान को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 6 सितंबर से नई दिल्ली और उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद के बीच इंडिगो के उड़ान संचालन को गुरुवार को मंजूरी दे दी। विमानन नियामक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले बुधवार को एयरलाइंस ने ताशकंद को अपना 31वां अंतर्राष्ट्रीय और ओवरऑल 110वां गंतव्य घोषित घोषित किया था। इंडिगो 22 सितंबर से दिल्ली और ताशकंद के बीच चार साप्ताहिक नॉन-स्टॉप उड़ानें संचालित करेगा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, यह सीधी कनेक्टिविटी न केवल व्यापार को बढ़ावा देगी बल्कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी बढ़ावा देगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, हम अपने 6ई नेटवर्क में 31वें अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य के रूप में उज्बेकिस्तान की राजधानी और सबसे बड़े शहर ताशकंद को शामिल करने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।"

# सनफिस्ट ने की शाहरुख खान को नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने अपने ब्रांड के नए चेहरे के रूप में किंग ऑफ फैंटेसी -शाहरुख खान के साथ एक नई रोमांचक यात्रा शुरू करने की घोषणा की है। सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पेशकश, सनफिस्ट डार्क फैंटेसी- हर दिल की फैंटेसी जारी की है। इसका लक्ष्य उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करना है। यह अनूठी पेशकश रोजमर्रा के जीवन में अपनी एक फैंटेसी को सच बनाने की चाहत को देखते हुए तैयार की गई है। इस नई सोच के साथ यह ब्रांड अलग-अलग वर्ग के उपभोक्ताओं को कभी भी, कहीं भी अपनी निजी फैंटेसी की उड़ान भरने के लिए बढ़ावा देना चाहता है। दुनिया भर के करोड़ों दिलों के चहेते शाहरुख खान वाकई में अपने फैन्स की एक फैंटेसी ही हैं। ब्रांड और शाहरुख खान की यही समान खासियत इसे एक बेहतरीन तालमेल बनाती है। किंग ऑफ बॉलीवुड ने अब किंग ऑफ बिस्किट्स से हाथ मिलाया है। सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने हर दिल की फैंटेसी का नया सफर शुरू करते हुए, अपने उपभोक्ताओं को शाहरुख खान के आकर्षण और अपने बिस्किट्स के मनमोहक स्वाद के साथ एक अद्भुत दुनिया की सैर के लिए आमंत्रित किया है। शाहरुख खान के साथ इस रोमांचक भागीदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए अली हैरिस शेरे, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, बिस्किट्स एंड केक क्लस्टर, आईटीसी फूड्स, ने कहा, हम किंग ऑफ बॉलीवुड शाहरुख खान को सनफिस्ट डार्क फैंटेसी का चेहरा बनाते हुए बेहद उत्साहित हैं। वे एक विशाल शख्सियत हैं। उनका आकर्षण, प्रभाव और कल्पनाओं से बड़ा व्यक्तित्व हमारे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें एक आदर्श विकल्प बनाता है।

इस भागीदारी के साथ, हमें अपने ब्रांड की उपस्थिति बढ़ाने और उपभोक्तों के साथ जुड़ाव को अधिक मजबूत बनानेका पूरा भरोसा है। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर लोगों को एक असाधारण सफर पर ले जाना है। इसमें उनकी फैंटेसी को बढ़ावा मिलता है ताकि यह जीवन का एक यादगार अनुभव बन जाए।



### आपस में भिड़े लीबिया के दो मिलिशिया समूह

# त्रिपोली में भीषण हिंसा में 55 लोगों की मौत





**एजेंसी। त्रिपोली**

एक सैन्य कमांडर की हिरासत के बाद लीबिया की संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार का समर्थन करने वाले दो मिलिशिया समूहों के बीच त्रिपोली में हुई भीषण झड़प में कम से कम 55 लोग मारे गए और 146 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर शाम राजधानी त्रिपोली के कुछ हिस्सों में 444 ब्रिगेड और विशेष निरोध बल के बीच हिंसा भड़क उठी। विशेष निरोधक बल ने कथित तौर पर 444 ब्रिगेड के एक शक्तिशाली कमांडर को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को मरने वालों की संख्या की पुष्टि करते हुए, लीबिया के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने कहा कि पीड़ितों में नागरिक और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जबकि कई शव अज्ञात हैं। 234 परिवारों को सीमावर्ती क्षेत्रों से निकाला गया, जिसमें 60 एम्बुलेंस तैनात की गईं और हताहतों की संख्या से निपटने के लिए तीन फील्ड अस्पताल स्थापित किए गए। आंतरिक मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि झड़पें तब रुकी जब दोनों गुट 'प्रधानमंत्री और त्रिपोली के बुजुर्गों के प्रयासों से' युद्धविराम पर सहमत हुए। बुधवार को त्रिपोली के कई बुजुर्गों के साथ एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री अब्दुल-हमीद दबीबा ने इस बात को खारिज कर दिया कि देश में लड़ाई फिर से शुरू हो गई है। सरकार के सूचना कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'प्रधानमंत्री ने कहा कि लड़ाई अस्वीकार्य है और देश किसी भी गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सुरक्षा लागू करने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

दबीबा इस बात पर सहमत हुए कि यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है कि लड़ाई दोबारा न हो।

भीषण लड़ाई के कारण राजधानी के मुख्य हवाईअड्डे को भी बंद करना पड़ा। हालांकि इसे बाद में बुधवार को फिर से खोल दिया गया। 2011 में कर्नल मुअम्मर गद्दाफी को उखाड़ फेंकने और मारे जाने के बाद से 2020 के युद्धविराम से लीबिया में कुछ हद तक शांति आई है, लेकिन सभी पक्षों पर गहरी गुटबाजी लगातार इसे बिगाड़ने का खतरा पैदा कर रही है।

## हवाई में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या 110 हुई

**होनोलूलू।** अमेरिकी राज्य हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि माउई द्वीप में 8 अगस्त को लगी विनाशकारी जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। ने बुधवार देर रात एक संवाददाता सम्मेलन में ग्रीन के हवाले से कहा, ३हर दिन हमारा दिल थोड़ा और टूट जाता है। हमें बताना पड़ता है कि हमारे कई प्रियजनों के खो जाने और मरने की पुष्टि हो गई है। गवर्नर ने कहा कि जले हुए क्षेत्र का लगभग 38 प्रतिशत खोजा जा चुका है, जबकि माउई में लगभग 2,200 संरचनाएं, जिनमें से 86 प्रतिशत आवासीय हैं, या तो पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं या क्षतिग्रस्त हो गई हैं। माउई पुलिस प्रमुख जॉन पेलेटियर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सप्ताहांत तक खोजकर्ताओं ने 85 से 90 प्रतिशत क्षेत्र को कवर कर लिया होगा।

# चीन ने दी अमेरिका को कड़ी चेतावनी




**एजेंसी। बीजिंग**

चीन के रक्षामंत्री ली शानगफू ने ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका को खुली चेतावनी दी है। ली ने अमेरिका से कहा कि वह ताइवान के मुद्दे पर आग से खेल रहा है। इससे पहले ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई के अमेरिका में रुकने की चीन ने कड़ी आलोचना की थी। यही नहीं उन्हें 'समस्या पैदा करने वाला' करार दिया था। ली ने चीन को घेरने के लिए ताइवान के किसी इस्तेमाल पर आगाह भी किया। चीनी रक्षा मंत्री ने दावा किया कि यह निश्चित रूप से असफल साबित होगा। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर मास्को सम्मेलन में चीनी रक्षामंत्री ली शानगफू ने कहा कि चीन की मुख्यभूमि के साथ ताइवान का एकीकरण 'अवश्यंभावी' है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा, 'ली ने इस बात का उल्लेख किया कि ताइवान का सवाल चीन का आतंरिक मामला है जिसमें किसी भी विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चीन का एकीकरण एक अवश्यंभावी ऐतिहासिक ट्रेंड है। ताइवान का सवाल आग के साथ खेलना होगा और चीन को ताइवान के जरिए घेरने की कोशिश बिना किसी संदेह के फेल होगी। ली का यह बयान ठीक उसी तरह से है जैसे चीनी अधिकारी देते रहे हैं लेकिन इसमें सबसे खास बात जगह की है। चीनी रक्षा मंत्री रूस की राजधानी मास्को में थे और यूक्रेन युद्ध के बीच उनका यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले चीन ने ताइवान के उप राष्ट्रपति के अमेरिका के रुकने पर अपनी जमकर भड़ास निकाली थी। ताइवान के उपराष्ट्रपति और आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के प्रबल उम्मीदवार विलियम लाई पराग्वे जाते समय अमेरिका में कुछ समय के लिए रुके थे।

### चमत्कार — इंसान के शरीर में लगाई गई सुअर की किडनी, डॉक्टर बोले

# आने वाले दिनों में बदलेगी ट्रांसप्लांट की दुनिया





**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अमेरिका में डॉक्टरों ने एक ऐसा कारनामा किया है जिसके बाद आने वाले समय में गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों को नई उम्मीद मिली है। अमेरिका के डॉक्टरों ने ऐलान किया है कि उन्होंने एक ऐसे इंसान के शरीर में सुअर की किडनी ट्रांसप्लांट की है जो ब्रेन डे हो चुका है। सुअर की किडनी इस व्यक्ति के शरीर में एक महीने से ज्यादा समय तक सामान्य रूप से काम करती रही है। यह नई उपलब्धि अंगदान की जरूरतों को पूरा करने की कोशिशों की तरफ एक उम्मीद की किरण है। इस मरीज की मौत हो चुकी है मगर यह एक रिकॉर्ड है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के सर्जनों ने बुधवार को बताया कि किसी मृत व्यक्ति के शरीर में सुअर की किडनी का सबसे लंबे समय तक काम करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस घटना को एक मील का पत्थर करार दिया है। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रॉबर्ट मोंटगोमरी ने मीडिया को बताया, 'हमारे पास जेनेटिकली एडीटेड (अनुवांशिक रूप से बदली) सुअर की किडनी एक महीने से ज्यादा समय तक इंसान के शरीर में जीवित रही है।' उन्होंने बताया कि जो नतीजे मिले हैं वो किसी मरीज पर किसी भी स्टडी के लिए 'भविष्य का भरोसा' देने वाले हैं। उन्होंने सुअर की किडनी को आनुवंशिक रूप से बदला ताकि एक जीन को हटा दिया जा सके। यह वह जीन था तो बायोमोलेक्यूल्स का प्रोडक्शन करता है और जिस पर इंसान का इम्यून सिस्टम हमला करता है और उसे मानने से इनकार कर देता है। मोंटगोमरी ने कहा, 'अब हमने यह दिखाने के लिए और अधिक सबूत इकट्ठा किए हैं कि क्या किडनी में, हाइपरएक्यूट को अस्वीकार करने वाले जीन को खत्म करना काफी है?' वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि क्रॉस-प्रजाति प्रत्यारोपण उन कई लोगों को सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता है जो संभावित जीवनरक्षक अंगों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अमेरिका में वर्तमान में 103,000 से ज्यादा लोगों को अंग प्रत्यारोपण की जरूरत है। इनमें से 88,000 को किडनी की जरूरत है। ये लोग इंतजार करते-करते हर साल हजारों लोग मर जाते हैं। बुधवार की सफलता मौरिस मिलर के शरीर में सुअर की किडनी के ट्रांसप्लांट के साथ शुरू हुई। उनकी 57 साल की आयु में अचानक मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनके शरीर को परिवार की तरफ से दान कर दिया गया था।

## स्वतंत्रता दिवस पर पाकिस्तान को भारत से नहीं मिली मोदी की बधाई

**इस्लामाबाद।** भारत में अंग्रेजों का शासन सन 1947 में बंटवारे के साथ खत्म हुआ और पाकिस्तान बना। 14 अगस्त को जहां पड़ोसी मुल्क अपनी आजादी का जश्न मनाता है तो 15 अगस्त को भारत का स्वतंत्रता दिवस होता है। दोनों देशों के बीच पिछले चार साल से तनाव की स्थिति है, हालांकि शांति बनी हुई है। लेकिन इसके बावजूद इस बार दोनों देशों की तरफ से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक-दूसरे को बधाई संदेश नहीं दिया गया है। पाकिस्तान की मीडिया का कहना है कि शांति काल में यह पहला मौका है जब एक दूसरे को आजादी की सालगिरह पर कोई भी बधाई नहीं दी गई है। पाकिस्तान के मीडिया ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध और खराब हो चुके हैं। परमाणु हथियारों से लैस पड़ोसियों ने शांतिकाल के दौरान पहली बार अपने-अपने स्वतंत्रता दिवस पर औपचारिक शुभकामनाओं के आदान-प्रदान की परंपरा को खत्म कर दिया है।

### चीन के साथ बीआरआई को आगे बढ़ाएगा नेपाल

## प्रधानमंत्री प्रचंड ने किया ऐलान



**एजेंसी। काठमांडू**

चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड को लेकर नेपाल अभी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। अब नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने ऐलान किया है कि वह अपने आगामी चीन दौरे पर बीआरआई प्रॉजेक्ट को आगे बढ़ाने पर काम करेंगे। प्रचंड चाहते हैं कि चीन नेपाल में बीआरआई के तहत एक बड़े प्रॉजेक्ट को विकसित करने पर काम करे। चीन और नेपाल के बीच साल 2017 में एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ था लेकिन अभी तक इसके तहत एक भी प्रॉजेक्ट शुरू नहीं हो सका है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम प्रचंड ने कहा, 'मेरी यात्रा के दौरान एक हाइड्रोपावर प्रॉजेक्ट के निर्माण पर समझौता होगा।' हालांकि उन्होंने इस प्रॉजेक्ट का नाम नहीं बताया। प्रचंड ने कहा कि वह यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। नेपाली पीएम ने कहा, 'हम बीआरआई के तहत परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चाहते हैं जिस पर साल 2017 में हस्ताक्षर हुआ था।' प्रचंड ने कहा, 'हम चीन की सहायता से कम से कम एक मेगा प्रॉजेक्ट को विकसित करना चाहते हैं जो बीआरआई के साथ आगे बढ़ने को लेकर अहम होगा। नेपाल और चीन ने साल 2017 में भले ही बीआरआई पर हस्ताक्षर किया था लेकिन अभी तक इसके तहत एक भी परियोजना शुरू नहीं हो सकी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# राष्ट्रपति ने किया 'विंध्यागिरी' युद्धपोत का जलावतरण





### क्या है युद्धपोत की खासियत

- कर्नाटक में एक पर्वत शृंखला के नाम पर रखा गया विंध्यगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के तहत, मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा चार और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा तीन जहाज निमार्णाधीन हैं।
- परियोजना के पहले पांच जहाज 2019-2022 के बीच एमडीएल और जीआरएसई द्वारा लॉन्च किए गए थे।
- ये युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 क्लास फ्रिगेट्स (शिवालिक क्लास) के फॉलो-ऑन हैं, जिनमें बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर, प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं।
- आईएनएस विंध्यगिरि - जो नीलगिरि वर्ग के युद्धपोतों में छठा और आखिरी था - ने आठ जुलाई 1981 से 11 जून 2012 तक अपनी लगभग 31 वर्षों की सेवा में कई बहुराष्ट्रीय अभ्यास देखे थे और समुद्री निगरानी, तटीय गश्त और समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाए थे। 2011 में एक व्यापारिक जहाज के साथ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे सेवामुक्त कर दिया गया था।
- प्रोजेक्ट 17ए जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया है। नौसेना के अनुसार, प्रोजेक्ट 17ए जहाजों के उपकरणों और प्रणालियों के लिए 75 फीसदी ऑर्डर एमएसएमई सहित स्वदेशी फर्मों से हैं।

**एजेंसी। कोलकाता**

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से कोलकाता में प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के तहत बनाए गए 'विंध्यागिरी' युद्धपोत का जलावतरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों गुरुवार को हुआ। कोलकाता के गार्डन रीच में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ इस अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मैं विंध्यगिरी के शुभारंभ पर यहां आकर बहुत खुश हूं। यह आयोजन भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने का प्रतीक है। विंध्यगिरि स्वदेशी जहाज निर्माण के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी एक कदम है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय नौसेना और इस जहाज के डिजाइन और निर्माण में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि गार्डन रीच शिप-बिल्डरों और इंजीनियरों ने विंध्यगिरि जैसे फ्रिगेट सहित सौ से अधिक युद्धपोतों का निर्माण और वितरण किया है। आपके कौशल और अथक प्रयासों ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है, जिसके लिए मैं जीआरएसई की पूरी टीम की उपलब्धियों के लिए सराहना करती हूं।

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट 17ए, जिसका विंध्यगिरि एक हिस्सा है, आत्मनिर्भरता और तकनीकी उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस श्रृंखला के मल्टी-मिशन फ्रिगेट हमारे समुद्री हितों के लिए सभी प्रकार के खतरों से निपटने में सक्षम होंगे।

पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति के रूप में पश्चिम बंगाल की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कोलकाता का जीवंत शहर, अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति के साथ हमारे देश के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। इसकी बौद्धिक जीवंतता, कलात्मक उत्साह और विश्वव्यापी भावना भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है। युद्धपोत के नामकरण की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, जहाज का नाम उपयुक्त रूप से "विंध्य" पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो दृढ़ता का प्रतीक रही है। मुझे विश्वास है कि जब यह युद्धपोत चालू हो जाएगा, तो यह विंध्य की मजबूती का प्रतीक होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम निकट भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था का मतलब है अधिक मात्रा में व्यापार। हमारे व्यापार-सामान का एक बड़ा हिस्सा समुद्र के माध्यम से पारगमन करता है। यह तथ्य हमारे विकास और कल्याण के लिए महासागरों के महत्व को उजागर करता है। हिंद महासागर क्षेत्र और बड़े हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के कई पहलू हैं। इसमें समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध मानव प्रवास, प्राकृतिक आपदाएं और ऐसे कई मुद्दे शामिल हैं। इस पृष्ठभूमि में, भारतीय नौसेना को भारत के समुद्री हितों की रक्षा, संरक्षण और बढ़ावा देने का अधिकार है। सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए नौसेना को हमेशा सक्रिय रहना होगा।

**टेलीकॉम रिफॉर्म : सिम बेचने वालों का होगा पुलिस सत्यापन**

# बल्क कनेक्शन में हर व्यक्ति का होगा केवाईसी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मोबाइल फोन के सिम विक्रेताओं का अब पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, जिसमें उनकी बायोमेट्रिक जानकारी भी शामिल है। अब बड़ी संख्या में बिजनेस कनेक्शन लेने वाले कारोबारियों को सिम देते समय सम्बन्धित कर्मचारी का केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। केन्द्रीय टेलीकॉम मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुरुवार को टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़े दो रिफॉर्म की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन रिफॉर्म का मकसद केवल उपयोगकर्ता को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है। उन्होंने कहा कि सिम बेचने वाले को अब गलत तरीके से इसे बेचने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके लिए उसका पुलिस और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा और बड़ी संख्या में सिम खरीद पर रोक होगी। इसके स्थान पर बिजनेस कनेक्शन दिए जायेंगे। बिजनेस कनेक्शन के लिए एक प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन होगा। यह बिजनेस कनेक्शन पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना केवाईसी कराना अनिवार्य होगा।

मंत्री ने संचार पोर्टल के माध्यम से हासिल की गई उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से 52 लाख फर्जी कनेक्शन खत्म किए गए हैं। 67 हजार डीलर ब्लैकलिस्ट किए गए हैं। साइबर फ्राड से जुड़ी 300 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 17 हजार मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक किए गए हैं। 67 हजार व्हाटसएप ब्लॉक किए गए हैं। एक लाख पेमेंट अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। तीन लाख चोरी के मोबाइल उनके मालिकों तक पहुंचाए गए हैं। एक आधार पर सिम लेने की संख्या को अभी भी नौ बनाए रखा गया है। मंत्री ने बताया कि डिजिटल केवाईसी जल्द ही जरूरी कर दिया जाएगा। सिम कार्ड देते समय आधार कार्ड के क्यूआर कोड को सत्यापित करना जरूरी होगा। इससे फोटो शॉप के दस्तावेज की हेरफेर खत्म होगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### चंद्रयान से अलग हुआ लैंडर

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन में एक कदम और बढ़ाते हुए गुरुवार दोपहर को मुख्य अंतरिक्ष यान से लैंडर को सफलतापूर्वक अलग किया। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। इसरो ने एक्स पर लिखा, लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा: सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त! एलएम को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है। आज भारतीय समयानुसार, शाम चार बजे डीबूस्टिंग कर एलएम को थोड़ी नीचे की कक्षा में उतारा जाएगा।" इसरो के मुताबिक, लैंडर चंद्रमा की 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हुआ। प्रोपल्शन मॉड्यूल इसी कक्षा में महीनों/वर्षों तक अपनी यात्रा जारी रखेगा।

### पीएम मोदी ने वीएस अरुणाचलम के निधन पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व डीआरडीओ चीफ वीएस अरुणाचलम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "डॉ. वी.एस. अरुणाचलम का निधन वैज्ञानिक समुदाय और सामरिक विश ?व में एक बड़ा अंतराल छोड़ गया है। उनके ज्ञान, अनुसंधान के प्रति जुनून और भारत की सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में समृद्ध योगदान के लिए उनकी काफी सराहना की गई। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।" 87 वर्षीय अरुणाचलम डीआरडीओ के चीफ और वैज्ञानिक सलाहकार का पद संभालने वाले पहले वैज्ञानिक थे। उनका बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में निधन हो गया। डॉ. वी.एस. अरुणाचलम ने तीन प्रमुख कार्यक्रम लॉन्च किए थे।

# बहुपक्षीय हवाई युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति' अगले साल तक के लिए स्थगित

**2024 के मध्य तक होने वाले युद्धाभ्यास में 12 देशों की वायु सेनाएं हिस्सा लेंगी**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने पांच देशों के साथ अक्टूबर में होने वाले बहुपक्षीय हवाई युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति' को 2024 के मध्य तक के लिए स्थगित कर दिया है। इस हवाई अभ्यास में फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान की वायु सेनाएं हिस्सा लेने वाली थीं। अगले साल होने वाले इस अभ्यास में लगभग 12 देशों की वायु सेनाओं के भाग लेने की उम्मीद है। यह भारत में होने वाला सबसे बड़ा हवाई अभ्यास होगा। भारतीय वायु सेना अगले साल एक मेगा बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास की मेजबानी करेगी, जिसे मूल रूप से अक्टूबर के लिए योजनाबद्ध किया गया था। अब यह हवाई अभ्यास ह्यतरंग शक्तिह्ण 2024 के मध्य में होने की संभावना है, क्योंकि भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह इस साल युद्धाभ्यास की मेजबानी करने को तैयार नहीं है। इस अभ्यास में लगभग 12 वायु सेनाओं के भाग लेने की उम्मीद है।

# सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई की योजना : सीजेआई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को संभव बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा है। अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने सुझाव दिया कि क्या प्रौद्योगिकी-संचालित हाइब्रिड सुनवाई को जिला न्यायपालिका तक भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, यदि आप इसे (आभासी सुनवाई) मुफस्सिल अदालतों सहित निचली अदालतों तक ले जा सकें। यह सबसे बड़ा योगदान होगा।" इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ईकोर्ट्स (प्रोजेक्ट) के तीसरे चरण में, हमारे पास एक बड़ा बजट है, इसलिए हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। एक संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने याद किया कि कैसे राज्य सरकारें अदालतों में न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, कुछ राज्य सरकारें बहुत सहयोग कर रही हैं, दूसरों के बारे में आपको पता है मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूंगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के लिए भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे। सीजेआई ने कहा, वे (वह हाई कोर्ट) बिल्कुल गंभीर स्थिति में थे। लॉकडाउन था और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बिना अदालत चलाना असंभव था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लाइसेंस उन्हें स्थानांतरित कर दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के दीक्षांत समारोह में अपने हालिया संबोधन में सीजेआई ने कहा था कि महामारी के दौरान देश भर की अदालतों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से 4.3 करोड़ सुनवाई की।

# हैकर ने वेबसाइट हैक कर बेच दिए 30 लाख के टिकट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

रेलवे टिकट बुकिंग की दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति आईआरसीटीसी में तत्काल व वीआईपी कोटे के टिकटों तक पहुंचने के लिए हैक का इस्तेमाल कर इन टिकटों को वास्तविक बुकिंग कीमत से चार गुना कीमत में बेच देता था। दिल्ली से सटे नोएडा के इस हैकर ने कुछ दिन पहले इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन की वेबसाइट हैक करके 30 लाख रुपये के तत्काल टिकट बेच दिए। मामला सामने आने पर केन्द्र सरकार व रेलवे के हुक्मरानों की परेशानी बढ़ गई। फिर काफी मशक़्क़त के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आईआरसीटीसी वेबसाइट को हैक करने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पता चला कि आईआरसीटीसी वेबसाइट हैक करने वाला मोइनुद्दीन चिश्ती उत्तर प्रदेश के दादरी का रहने वाला है। वह ग्रेटर नोएडा के अयोध्या गंज में रेलवे टिकट बुकिंग की दुकान चलाता है। पुलिस का कहना है कि चिश्ती दो साल से यह दुकान चला रहा था।जब पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो पता चला कि उसने आईआरसीटीसी के पोर्टल पर गुमनाम व्यक्तिगत प्रोफाइल बनाने के लिए नेक्सस, सिक्का वी2 और बिगबॉस जैसे अवैध सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया था। मालूम हो कि ये एप ऑटोमेटिक रूप से नाम, यात्रा की जानकारी, ट्रेन चयन जैसे जानकारी भरने और यहां तक कि टिकट बुकिंग के लिए पेमेंट तक करने के लिए स्क्रिप्ट का उपयोग करते हैं। स्कैंडल चलाने वाले व्यक्ति ने आईआरसीटीसी में तत्काल और वीआईपी कोटे के टिकटों तक पहुंचने के लिए इन हैक्स का इस्तेमाल किया था। इसकी मदद से मोइनुद्दीन अन्य सामान्य यात्री की तुलना में तेजी से टिकट बुक कर सकता था। जिसके बाद इन टिकटों को वास्तविक बुकिंग कीमत से चार गुना कीमत में बेच देता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने भारतीय रेलवे के कई कानूनों का उल्लंघन किया है। आईआरसीटीसी एजेंटों को टिकट बुक करने के लिए किसी भी थर्ड पार्टी सॉफ्टवेयर का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है और आईआरसीटीसी द्वारा जारी आधिकारिक एजेंट अकाउंट का उपयोग करके आईआरसीटीसी पोर्टल का सख्ती से पालन करना आवश्यक है। पुलिस का कहना है कि आईपी एड्रेस को ट्रेस करते हुए हम अयोध्या गंज, दादरी, गौतमबुद्ध नगर पहुंचे, जहां चिश्ती को सोमवार शाम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह भी कहा कि पूछताछ के दौरान संदिग्ध के पास आगामी दिनों के लिए बुक किए गए 88 ई-टिकट मिले, जिनकी कीमत 1.55 लाख रुपये है। आरोपियों ने इन अवैध तरीकों का इस्तेमाल करके पिछले दो वर्षों में 30 लाख रुपये के टिकट बेचे थे।




### 'ड्रीम गर्ल 2' देखकर दर्शक अपनी सीट से गिर जाएंगे : आयुष्मान खुराना



**लीक** से हटकर काम करने वाले अभिनेता आयुष्मान खुराना जल्द ही 'ड्रीम गर्ल 2' में दिखाई देंगे। वह पहले ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास कमर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी है। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। कमर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा, मैंने कभी योजना नहीं बनाई थी कि मेरी फिल्मोग्राफी में एक हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी होगी। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे साथ गलती से हुआ है। मैंने केवल मनोरंजक प्रोजेक्ट्स की तलाश की है, जिससे मैं अधिक से अधिक लोगों से जुड़ सकूं।" उन्होंने कहा, मुझे 'ड्रीम गर्ल' फ्रेंचाइजी का मौका मिला और यह मेरे लिए बिल्कुल सही साबित हुई क्योंकि यह वास्तव में एक ब्रेक-आउट कॉन्सेप्ट है, जिसे फिलहाल किसी ने नहीं किया।" आयुष्मान ने कहा कि मुझे हमेशा ऑरिजनल रहना और लीक से हटकर कम करना पसंद है। अभिनेता ने कहा, आपको ड्रीम गर्ल फ्रेंचाइजी से ज्यादा कुछ अलग नहीं मिल सकता, यही कारण है कि मुझे लगता है कि लोगों ने पहली फिल्म को इतना पसंद किया है।

### अजय देवगन की बेटी निशा का वीडियो देख नेटिजन्स ने किया ट्रोल



**बॉलीवुड** के 'सिंघम' अजय देवगन और काजोल की बेटी निशा आए दिन किसी न किसी वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती है। उनका एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें वह कार में बैठने के दौरान संतुलन बिगड़ने से गिरते-गिरते बचती दिख रही हैं। निशा को उसकी दोस्त ने गिरने से बचाया। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नेटीजन इस पर कमेंट कर निशा को ट्रोल कर रहे हैं। नेटिजेंस ने कहा, यह निशा नहीं बल्कि नशा है, वह हमेशा संघर्ष कर रही है, उसके संघर्ष में कुछ भी नया नहीं है, उसे हमेशा कुछ न कुछ चाहिए होता है। इस बीच निशा के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### अमिताभ चाहते हैं उनके लिए वैनिटी वैन डिजाइन करें गौरी खान



**'कौन बनेगा करोड़पति'** के 15वें सीजन की मेजबानी कर रहे मेगास्टार अमिताभ बच्चन चाहते हैं कि निर्माता और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान उनके लिए उनकी वैनिटी वैन डिजाइन करें। अमिताभ ने कहा कि लेकिन अभी उन्होंने ऐसा किया नहीं है। एक एपिसोड के दौरान बिग बी ने प्रतियोगी कपिल देव से एक सवाल पूछा, "इस पुस्तक की लेखिका किस मशहूर शख्सियत की पत्नी हैं"? किताब का नाम 'माई लाइफ इन डिजाइन' था। प्रतियोगी को दिए गए विकल्पों में सचिन तेंदुलकर, शाहरुख खान, अक्षय कुमार और चेतन भगत के नाम थे। प्रतियोगी ने सही उत्तर देते हुए इसका जवाब दिया- शाहरुख खान। 'माई लाइफ इन डिजाइन' गौरी खान ने लिखी थी। बिग बी ने प्रतियोगी को जवाब दिया कि, मुझे आपके खेलने का तरीका पसंद है। आपका निर्णय अच्छा है। अभिनेता ने आगे कहा, "इस बुक में वह एक डिजाइनर के रूप में अपने परिवार की विशेष तस्वीरें प्रस्तुत करती हैं, और यह उनकी यात्रा को दशार्ती हैं। वह एक होम डिजाइनर हैं। मैंने उनके डिजाइन भी देखे हैं।

बच्चन ने कहा, कुछ दिन पहले मैं शाहरुख के साथ शूटिंग कर रहा था और बात करते-करते मैं उनकी वैन में चला गया। उनकी वैन बहुत खूबसूरत है। यह बहुत अच्छी तरह से डिजाइन की गई है, इसमें एक टीवी, टेबल और कुर्सियां हैं। मेकअप के लिए भी जगह है और शौचालय भी है। यह अद्भुत है।

**कार्रवाई** एआई के मार्फत 'डीप फेक' से चुनाव प्रभावित करने के बढ़ते खतरे

# कई दलों के नेताओं ने जतायी चिंता




**आरएनएम। नई दिल्ली**

बीते मानसून सत्र में राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, प्रमोद तिवारी, प्रियंका चतुर्वेदी, डॉ. एल हनुमंतय्या, डॉ. अमी याज्ञिक व रंजीत रंजन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा था कि क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि देश में 'डीप फेक' के मामले आ रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाली विभिन्न एजेंसियों ने डीप फेक के मामलों में क्या कार्रवाई की है। क्या सरकार चुनाव में 'डीप फेक' के खतरों से अवगत है। सरकार द्वारा डीप फेक का पता लगाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। ऐसा करने के लिए किस प्रकार की एजेंसियों को नियोजित किया गया है।

इस बारे में केंद्र सरकार को भी लगने लगा है कि राजनेताओं व विपक्षी दलों की इस तरह की चिंता उचित है। क्योंकि इन दिनों सोशल मीडिया पर इस तरह के मामले देखने को मिल रहे हैं। पहले ऐसे मामलों में विशेष तकनीकी जानकारी हासिल करनी पड़ती थी। उसके बाद ही कोई व्यक्ति किसी दूसरे के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर सकता था। अब 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' ने सभी लोगों को यह अवसर दे दिया है। इस माध्यम से जो सूचनाएं फैलाई जाती हैं, भले ही उसका आधार फेक ही क्यों न हो, लेकिन वे फौरी तौर पर भारी नुकसान पहुंचाने के लिए काफी हैं। वह नुकसान, किसी उपद्रव के रूप में हो सकता है, बड़े राजनेता की छवि खराब कर चुनावी नतीजों को प्रभावित करना हो सकता है। यदि वैश्विक स्तर के नेताओं का चेहरा लेकर कोई फेक वीडियो वायरल किया जाता है तो दो देशों के बीच में संबंध खराब हो सकते हैं। 'डीप फेक' के माध्यम से दुष्प्रचार और अफवाहें फैलाई जाती हैं। आतंकी एवं चरमपंथी संगठन या साइबर हैकर, डीप फेक का गलत इस्तेमाल करते हैं। 'डीप फेक' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए डिजिटल मीडिया में हेरफेर की जाती है। ऑडियो, वीडियो या फोटो में चेहरा बदल दिया जाता है। चुनाव में इसका ज्यादा इस्तेमाल होने की संभावना है। वजह, उसमें लोगों के पास सोचने या सच को पहचानने का वक्त नहीं होता। आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता है। कई बार बड़े नेता, पार्टी या अन्य किसी मशहूर हस्ती को नुकसान पहुंचाने के लिए डीप फेक की मदद ली जाती है। वीडियो, फोटो लेखन सामग्री और आवाज, इन सभी को बदला जा सकता है। इसके माध्यम से झूठे सबूत भी तैयार किए जा सकते हैं। डीप फेक का सबसे बड़ा जोखिम पोर्नोग्राफी है। चेहरों में बदलाव कर सामग्री को अश्लील वेबसाइटों पर डाला जा सकता है। इसके माध्यम से छवि खराब करने का प्रयास होता है।